तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 1 मार्च 2026




प्रदर्शनी का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि



### प्रदेश को विकसित करना है, 263.17 करोड़ के 89 कार्यों का किया लोकार्पण-शिलान्यास

# मुख्यमंत्री ने बटन दबाया, किसानों के खातों में जमा हुए 10 हजार 324 करोड़ रुपए





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बटन दबाकर प्रदेश के 25.28 लाख किसानों के खाते में 10 हजार 324 करोड़ रूपए से अधिक राशि का अंतरण किया। इनमें बिलासपुर जिले के 1 लाख 25 हजार 352 किसान शामिल है, जिनके खाते में 494.38 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने जिले के विकास को नई गति देते हुए 15.99 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए 7 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 247.18 करोड़ की लागत के 82 विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का दिन किसान भाइयों के सम्मान का दिन है। प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से आज 10 हजार करोड़ से अधिक की राशि किसानों के खाते में अंतरित की गई है। किसान भाई होली का त्योहार अच्छे से मनाएं इसलिए होली के पूर्व यह राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस बार किसानों को बारदाने की कोई समस्या नहीं हुई, किसानों के खाते में राशि भी समय पर पहुंची है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को 6000 रुपए सम्मान निधि की राशि प्रदान की जा रही है। इस वर्ष के बजट में 13 हजार करोड़ से अधिक की राशि कृषि के लिए रखा गया है, यह किसानों के प्रति प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नक्सलवाद बस्तर क्षेत्र से समाप्ति की ओर है और इस दिशा में हम सफल हो रहे हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों से परिपूर्ण वाला राज्य है। हमारी सरकार खनिजों का दोहन कर राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी गारंटी को पूरा करने के लिए पूरी तत्परता से कार्य किया है। विगत दो वर्ष के कार्यकाल में अधिकांश वादों को पूरा कर लिया गया है।

## पीएचसी को सीएचसी बनाने की घोषणा

मुख्यमंत्री श्री साय ने चकरभाठा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन करने, मंगला में माध्यमिक शाला का हाई स्कूल में उन्नयन एवं रहंगी के खेल मैदान में बाउंड्रीवॉल एवं स्टेज निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सतनामी समाज के सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रूपए और आदिवासी समाज के लिए पत्थरखान में सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा की।

## कृषि मंत्री ने मिश्रित व जैविक खेती पर दिया जोर

प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि धान से ज्यादा लाभकारी दलहन एवं तिलहन के फसलों के उत्पादन में होता है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सड़क, सिंचाई सहित विकास के सभी आयामों में बेहतर कार्य हुआ है। विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना के साथ छत्तीसगढ़ में विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

## मुख्यमंत्री से संवाद कर किसानों ने जताया आभार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअली जुड़कर प्रदेश के किसान हितग्राहियों से बात की। जगदलपुर की महिला हितग्राही बसंती कश्यप ने बताया कि खाते में 36 हजार रुपए की राशि आई है, इससे हम होली का त्योहार अच्छे से मनाएंगे। कोरबा जिले के पहाड़ी कोरवा हितग्राही सुखन साय ने बताया की 73 क्विंटल धान बेचे थे और 53 हजार रुपए की राशि मिली। उन्होंने कहा कि इस राशि से घर बनाने में खर्च करेंगे। जांजगीर जिले के किसान समर्थ सिंह ने बताया कि 1 लाख 41 हजार रुपए अंतर की राशि मिली है। किसान समर्थ सिंह ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया।

## ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष रजनीश सिंह, महापौर श्रीमती पूजा विधानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि उत्पादन आयुक्त शाहला निगार, संचालक कृषि राहुल देव, कमिश्नर सुनील जैन, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान मौजूद रहे।

## विकास के लिए बस्तर में किया जा रहा नक्सलवाद का खात्मा : साय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्राकृतिक दृष्टि से अति सुंदर बस्तर क्षेत्र केरल से भी बड़ा है, यह क्षेत्र विकास से अछूता है, विकास के लिए बस्तर में नक्सलवाद का खात्मा किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को नकारते हुए कहा है कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है, कांग्रेसी खुद कुछ नहीं करते, वे झूठ बोलने में माहिर हैं।

- **मुख्यमंत्री साय ने कहा- कांग्रेस करती कुछ नहीं झूठ बोलने में माहिर**

बिल्हा विकासखण्ड अंतर्गत रहंगी में शनिवार को आयोजित किसान सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पत्रकारों ने चर्चा करते हुए कहा कि हम बस्तर में नक्सलवाद को खत्म इसलिए कर रहे हैं ताकि बस्तर क्षेत्र का विकास कर सकें। उन्होंने बताया कि बस्तर प्राकृतिक दृष्टि से बहुत सुंदर क्षेत्र है, जनजातिय बाहुल्य क्षेत्र है और केरल प्रदेश से भी बड़ा क्षेत्र है। नक्सलवाद के कारण पिछले चार दशक से भी अधिक समय से बस्तर क्षेत्र विकास के दृष्टि से वंचित था। वहां पर विकास पहुंचाना है और कृषि, पर्यटन, पशुपालन, हार्टिकल्चर को बढ़ावा देना है। बस्तर में बहुत से प्रकार के फारेस्ट प्रोड्यूस हैं सरकार उसका वेल्यू एडिशन कराकर लोगों के रोजगार से जोड़ने का काम करना चाहती है। कांग्रेस के आरोपों के संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कांग्रेस खाली बोलती है करती कुछ नहीं और झूठ बोलने में माहिर है, उनके आरोपों में सच्चाई नहीं है।

## कांग्रेस के समय दारू दुकानों में थे दो कैश काउंटर

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय दारू दुकानों में दो कैश काउंटर रहते थे। एक कैश काउंटर का हिसाब किताब सरकार के पास और दूसरे का कहीं और जाता था। धान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के आरोप के संबंध में मुख्यमंत्री का कहना है कि धान खरीदी की जितनी अच्छी व्यवस्था हमारी सरकार ने की है, उतनी कांग्रेस में नहीं थी। कांग्रेस के समय तो किसान बारदाना के लिए रोना रोते थे। अंतर की राशि भी साल में चार किश्तों में देते थे।




# एटीआर के दोनों बेरियर में बढ़ी चौकसी, होली को देखते हुए की गई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

होली पर्व में वन्यप्राणियों का अवैध शिकार और लकड़ी कटाई की आशंका को देखते हुए प्रबंधन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। पैदल गार्ड के अलावा अधिकारी-कर्मचारी भी लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं, इसके अलावा शिवतराई और लोरमी की ओर से आने वाले रास्ते के बेरियर में स्टाफ की चौकसी भी दिन-रात के लिए कर दी गई है।



प्रतिवर्ष होली पर्व के दौरान जंगल में सबसे अधिक पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलने की घटना होती है। पेड़ों की कटाई करने के साथ हिरण व अन्य शाकाहारी वन्यप्राणियों का शिकार भी किया जाता है। इसे रोकने के लिए इस वर्ष भी बिलासपुर वन मंडल और अचानकमार टाइगर रिजर्व के जंगल में सभी स्टाफ को दिन के साथ रात में भी लगातार निगरानी रखने का आदेश दिया गया है। इसमें वन परिक्षेत्र के रेंजर, डिप्टी रेंजर से लेकर पैदल स्टाफ भी शामिल रहेंगे, जो होली के एक दिन पहले तक देर रात तक जंगल का भ्रमण करेंगे। इस दौरान किसी भी तरह के संदिग्ध व आरोपियों पर वन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। प्रबंधन के अनुसार अचानकमार टाइगर रिजर्व के बफर के अलावा कोर जोन में संरक्षण सुदृढ़ किया गया है, जिसमें पैदल गार्ड और अन्य कर्मचारी नियमित रूप से दिन और रात दो समय बेरियर से अंदर तक पेट्रोलिंग कर रहे हैं। वहीं चौकीदार की उपस्थिति के लिए रोस्टर भी बनाया गया है। एटीआर की जिप्सी से वाहन पेट्रोलिंग भी मुख्य रूप से अचानकमार जोन और सुरही जोन में कराई गई है।

### रात में विशेष पेट्रोलिंग

होली पर्व को देखते हुए एटीआर के अंदर संरक्षण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कड़ा नियम बना दिया गया है। नियमित पेट्रोलिंग के साथ प्रवेश करने से पहले भी जांच की जाएगी। वहीं रोटेशन के अनुसार सारे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के अलावा जिस स्थान पर अतिरिक्त बेरियर की आवश्यकता है वहां बेरियर लगाए जा रहे हैं। वहीं सीसी कैमरे से भी आने-जाने वालों पर निगरानी की जाएगी। इसके अलावा पैदल गार्ड के साथ जिप्सी में अधिकारी और कर्मचारी भी लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं, ताकि किसी तरह की घटना न हो।

**- यूआर गणेश,** डिप्टी डायरेक्टर, एटीआर

### बढ़ाई गई बेरियर की संख्या

एटीआर में अंदर प्रवेश करने के लिए शिवतराई बेरियर और जाकड़बांधा बेरियर लोरमी की ओर से आने वाले रास्ते में हैं। इन मुख्य बेरियर से कोर और बफर जोन में प्रवेश किया जा सकता है। इसके अलावा शिवतराई, बारीघाट, अचानकमार, दुर्गा मंदिर, तिरईडबरा, केंवची, अतरिया, कटामी, जल्दा, सुरही, कंचरपुर, जोगीपुर सहित अन्य स्थानों पर पुराने बेरियर के साथ एक नए बेरियर लगाकर संख्या भी बढ़ाई गई है।

# बेहतर चिकित्सक, मुस्कुराता जीवन



## आईवीएफ क्या है

आईवीएफ (IVF - इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) एक आधुनिक प्रजनन तकनीक है, जो बांझपन से जूझ रहे दंपतियों को माता-पिता बनने का अवसर देती है। इस प्रकृति में महिला के अंडाणु तथा पुरुष के शुक्राणु को शरीर से बहार आईवीएफ प्रयोगशाला में मिलाया जाता है, और मशीन में embryo/ भ्रूण बनाया जाता है, बाद में महिला के गर्भाशय में इस भ्रूण को प्रत्यारोपण किया जाता है. पिछले कुछ वर्षों में आईवीएफ टैक्निक उन दम्पत्ति के लिए एक उम्मीद की किरण बनकर उभरी है, जिन्हे किसी करण से संतान सुख नहीं मिल पाता है आईवीएफ की जरूरत किसे है यदि आपका डॉक्टर आपको IVF कराने की सलाह देता है तो उसके लिए निम्न कारण हो सकते हैं: स्पर्म कम होने की स्थति में PCOD जैसी स्थितियों के कारण ओव्यूलेशन में समस्या, फैलोपियन ट्यूब के साथ समस्याएं यदि दम्पति में से किसी ने नसबंदी कराई है एंडोमेट्रोसिस अन्य फर्टिलिटी इलाजों के असफल हो जाने पर



डॉ. सोमा घोषाल चटर्जी
MS OBS & GYNAE, BHU (GOLD MEDALIST)
MRCOG (LONDON).
INFERTILITY SPECIALIST

**क्या हर निहसंतान दंपतियों को आईवीएफ की जरुरत होती है ?**

नही. हमारे यहाँ सृजन hospital में हम सबसे पहले दंपतियों का उचित जांच करते हैं। कुछ जरूरी हार्मोनल टेस्ट और सोनोग्राफ़ी करते हैं. बहुत सारे दंपत्ति केवल उचित दवाइयाँ से ही गर्भधारण कर सकते हैं. कुछ मामलों में आईयूआई की जरुरत होती है, जो की आईवीएफ से काफी कम लागत में हो जाता है. हिस्टेरोस्कोपी और लैप्रोस्कोपी की प्रक्रिया से बंद फलोपियन ट्यूब खोलने की प्रक्रिया भी हमारे अस्पताल में किया जाता है. आपके डॉक्टर आपको उचित सलाह दे सकते हैं, कि आपको आईयूआई (IUI), आईसीएसआई (ICSI), आईवीएफ (IVF), या सर्जरी, इनमें से कौंन सी उपचार की जरुरत है और क्यों. हम यहाँ आपको सलाह देना चाहेंगे कि किसी भी प्रकार की प्रक्रिया का प्रयोग करने से पहले IVF डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

**डोनर एग की जरुरत किन महिलाओं को पड़ती है-**

ऐसी महिलाएं जिनकी माहवारी बंद हो चुकी है, और ऐसी महिलाये जिनकी उम्र ज्यादा होने के कारण अंडाणु की संख्या कम हो चुकी है बांझपन की समस्या आजकल ज्यादा क्यों हो रही है जीवनशैली में बदलाव जैसा तनाव, चिंता, प्रदुषण, मोटापा, और खान पान की आदतों में बदलाव ने महिला और पुरुष दोनों के स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित किया है. अधिक धूम्रपान, शराब, और तम्बाकू सेवन से पुरुषो में बांझपन बढ़ रही है. आप अकेले नहीं हैं जिन्हे बांझपन की समस्या है। हमारे समाज में बांझपन को गलत निगाह से देखा जाता है. लेकिन आपको बांझपन की वजह से शर्माने या घबराने की कोई जरुरत नहीं है, क्योकि इस समस्या से केवल आप अकेले नही जूझ रहे हैं. हर छह में से एक दम्पत्ति को यह समस्या है.

**बांझपन के लिए उपलब्ध नए उपचार और उन्नत तकनीक**

पीजीएस (PGS) और एनआईपीटी (NIPT) के जरिये हम भ्रूण की आनुवंशिक गुण पता लगा सकते हैं. प्री-इम्प्लांटेशन जेनेटिक स्क्रीनिंग (पीजीएस) सफल परिणाम की संभावना को बढ़ा सकती है, क्योंकि यह भ्रूणों में डाउन सिंड्रोम जैसे गुणसूत्र संबंधी विकारों की जांच करती है। ये तकनीकें सृजन IVF हॉस्पिटल में उपलब्ध हैं। साथ ही हमारे अस्पताल में Egg freezing, laser hatching और ब्लास्टोसिस्ट कल्चर की सुविधा भी उपलाव्ध है.

## होम्योपैथिक चिकित्सा सुरक्षित व असर कारक

होली के रंगों से होने वाली एलर्जी त्वचा की जलन सूखेपन और आंखों की समस्याओं के लिए होम्योपैथिक चिकित्सा बहुत फायदेमंद है। यह रासायनिक रंगों के कारण होने वाले त्वचा में चकत्ते, दाने और सांस की तकलीफों के लिए बिना किसी साइड इफेक्ट के तुरंत राहत देती है। यह न केवल लक्षणों का इलाज करती है बल्कि त्वचा को भी सुरक्षित रखती है। होली में होम्योपैथिक चिकित्सा के प्रमुख लाभ-रंग व गुलाल से होने वाली खुजली व एलर्जी में यह दवायें प्राकृतिक व सुरक्षित है।

डॉ. अविनीश त्रिपाठी
होम्योपैथिक चिकित्सक

होली की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनंत मेमोरियल हॉस्पिटल
HOMEOPATHIC CLINIC





बच्चों का संपूर्ण इलाज दवा द्वारा किया जाता है
Dr. Avneesh Tripathi
B.H.M.S., CCH (Alopathy)
TIME: 11 AM TO 1 PM, 6 PM TO 8 PM
उपलब्ध सुविधाएं
- बवासीर का इलाज
- गठियावात का इलाज
- मधुमेह का इलाज
- कोलाईटिस का इलाज
- ब्लड प्रेशर का इलाज
- अल्सर का इलाज

Nehru Nagar, Near Sai Mandir, Ameri Road Bilaspur
9039946002, 7999199579

## होली खेलें आँखों को बचाकर

होली का त्यौहार हर्ष व उल्लास का त्यौहार है इसे अच्छे से मनाइए लेकिन अपनी आँखों को बचाकर। नेत्र विशेषज्ञ डॉ.ऐश्वर्य मढ़रिया ने बताया कि आजकल केमिकल रंग बहुत मात्रा में पायें जाते हैं जिसमें लेड, सीसा, कॉपर, सल्फर, पारा (मरकुरी) व अन्य केमिकल से आँखों की पुतली में इन्फेक्शन हो जाता है अत: केमिकल गुलाल व रंग से होली न खेलें, होली केवल ऑर्गेनिक गुलाल व रंग से खेलें अगर धोखे से आपकी आँख में रंग गुलाल चला गया तो साफ पानी से 10-15 मिनट आँख को धो लें अगर साफ न दिखाई दे तो तुरंत नेत्र चिकित्सक की सलाह लेवें। होली हर साल आयेगी लेकिन अगर आँखें खराब हो जाएगी तो हमेशा के लिए जीवन से रौशनी चली जायेगी।



डॉ. ऐश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVR-Hydrada
नेत्र रोग एवं रेटिना विशेषज्ञ

होली खेलते समय चश्मा जरूर लगायें वह आपकी आँखों को बचायेंगे और गुब्बारे वाली होली न खेलें। इससे भी आँखों में चोट लगने से आँखें खराब हो सकती है। उपरोक्त जानकारी देते हुए आर्शीवाद नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ व रेटिना विशेषज्ञ डॉ.ऐश्वर्य मढ़रिया ने कहा कि होली के हुड़दंग में कई बार आँखों में चोट लगने से भी आँख की रौशनी चली जाती है इसलिए साफ-सुथरी होली खेलें।

**आपातकालीन में ऑखों के लिए सावधानियां:-**

**तुरंत प्राथमिक उपचार:** यदि आँख में रंग या कोई बाहरी वस्तु चली गई है तो उसे कम से कम 10-15 मिनट तक साफ और ठंडे पानी से धीरे-धीरे धोएं।
**स्वयं दवा न लें:** बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी आई-ड्रॉप, मलहम या घरेलू नुस्खा न अपनाएं क्योंकि यह संक्रमण को बढ़ा सकता है।
**आँख को न रगड़ें:** चोट लगने पर आँख को बिल्कुल न रगड़ें और न ही उस पर दबाव डालें। **विशेषज्ञ की सलाह लें:** यदि आँख में लालिमा, पानी आना, खुजली या कोई अन्य बेचैनी बनी रहती है, तो इसे सामान्य न समझें। रासायनिक चोटें (Chemical Injuries) बाहर से छोटी लग सकती हैं लेकिन वे आंखों के कॉर्निया को गहरा नुकसान पहुँचा सकती हैं।

संभाग का प्रथम Hitech नेत्र अस्पताल
ASHIRWAD LASER, PHACO EYE HOSPITAL BILASPUR (C.G.)
आशीर्वाद लेजर,फेको नेत्र चिकित्सालय एवं डायबिटिस सेंटर, बिलासपुर
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्योरोपण

फोटो मेडिकल कॉलेज के नेत्र विशेषज्ञ एवं प्रोफेसरों के सातवें राष्ट्रीय सम्मेलन में डॉक्टर एलसी मढ़रिया को अंधत्व निवारण में सराहनीय कार्य व अब तक 1 लाख 50 हजार से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन के लिए 6-7 जनवरी 2024 को चिकित्सा सेवा के सर्वोच्च सुश्रुत अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मेलन में डॉक्टर प्रोफेसर जेएल टीटीयाल अध्यक्ष फोटी एवं डायरेक्टर आरपी सेंटर एम्स दिल्ली, डॉक्टर प्रोफेसर एसआरके मलिक, डॉक्टर प्रोफेसर स्वपन द्वारा सम्मानित किया गया।

उपलब्ध सुविधाएं
- 5 मिनट में मोतियाबिंद ऑपरेशन ZEPTO जेप्टो अमेरिकन तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण।
- 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा कॉचबिन्द का लेजर से ईलाज।
- 150 लाख से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन वाला प्रथम अस्पताल।
- डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेजर द्वारा।
- OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज।

1990 में फेको ट्रेनिंग- शंकर नेत्रालय, चेन्नई
2001 में रेटिना लेजर ट्रैनिंग-एम्स नई दिल्ली
2002 में कार्निया ट्रेनिंग एल.वी.प्रसाद, हैदराबाद



गोल्ड मैडल से सम्मानित, राष्ट्रीय नेत्र सम्मेलन कलकत्ता में



सर्वाधिक 1, 35,000 ऑपरेशन के लिए, मुख्यमंत्री छ.ग. द्वारा सम्मानित

1999 में फेको ट्रेनिंग शंकर नेत्रालय, चेन्नई 2001 में रेटिना लेजर टैनिंग-एम्स नई दिल्ली। 2002 में कार्निया ट्रेनिंग एल.बी. प्रसाद, हैदराबाद

गोल्ड मेडल से सम्मानित एवं अब तक
1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन



DR. L.C. MADHARIA
Eye Specialist - MBBS, MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
एवं फेको सर्जन



DR. AISHWARIYA MADHARIA
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ
एवं रेटिना विशेषज्ञ



DR. PRATIBHA MADHARIA
MBBS, MD, DNB, Gold Medalist
स्त्री रोग विशेषज्ञ
टेस्ट ट्युब बेबी स्पेशलिस्ट

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी. ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक,बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. 9669979123, 9826190123

Srijan infertility center
Srijan Hospital & Test Tube Baby Center
सृजन टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर (IVF, ICSI)

माँ होने का सपना पूरा कीजिए...
सृजन IVF हॉस्पिटल
बिलासपुर



हाई सक्सेस रेट
अत्याधुनिक IVF लैब
डॉ. सोमा घोषाल चटर्जी
MS OBS & GYNAE, BHU (GOLD MEDALIST)
MRCOG (LONDON).
INFERTILITY SPECIALIST

IVF, IUI, ICSI
टेस्ट ट्यूब बेबी
- सोनोग्राफ़ी (SONOGRAPHY)
- स्त्री एवं प्रसूति रोग सभी उपचार
- शल्य चिकित्सा/सर्जरी (SURGERY)
- LAPAROSCOPY, HYSTEROSCOPY



सोनोग्राफी और पैथोलॉजी में
25% की छूट
T&C Apply

निःसंतान दंपतियों के लिए निःशुल्क परामर्श

पंजीयन के लिए : 07752-449791
समय : सुबह 10:00A.M. से 7:00 P.M. बजे तक
36 सिटी मॉल के सामने, ऐक्सिस बैंक के ऊपर, मंगला चौक, बिलासपुर 9755016949



बिलासा गर्ल्स पीजी कॉलेज में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं का उल्लेखनीय योगदान






## सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संगोष्ठी

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का विषय "विज्ञान में महिलाएं : विकसित भारत के निर्माण की प्रेरक शक्ति" रखा गया। जिसमें विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ एकता ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएं अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि विज्ञान और तकनीकी नवाचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहीं हैं। पहले विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या सीमित थी, किंतु आज वे नेतृत्वकारी भूमिकाओं में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहीं हैं। भारतीय महिला वैज्ञानिकों ने देश और विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे आत्मविश्वास के साथ विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे आएं और अपने कौशल, ज्ञान तथा नवाचार के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वागत भाषण विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ ए.के. श्रीवास्तव ने दिया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अमित शर्मा रहे। आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि वर्मा ने किया। संगोष्ठी में ई राघवेंद्र राव शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की। समापन पर अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

### विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में सबसे अधिक छात्राओं की संख्या विज्ञान फार्मेसी और इंजीनियरिंग में है। निश्चित रूप से यही छात्राएं भारत के भविष्य का निर्माण करेंगे। समकुलपति प्रो. जयति चटर्जी ने कहा कि बालिकाओं के मन में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आवश्यकता है। आज महिलाओं की विज्ञान के क्षेत्र में सहभागिता बराबरी की हो चुकी है। यह समाज के लिए सकारात्मक संकेत है।

# रंगोली, क्विज, स्लोगन स्पर्धा में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

शासकीय बिलासा गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह से मनाया गया। इस दौरान रंगोली, क्वीज व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रतिवर्ष विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा गतिविधियां कराई जाती है। यह आयोजन छात्राओं के विकास हेतु दो दिनों तक कराया जाता है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा घोषित विषय- "विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना" रहा। उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ एसआर. कमलेश ने छात्राओं को विज्ञान में अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक सोच को अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि विज्ञान केवल ज्ञान प्राप्ति का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र विकास का सशक्त माध्यम है। कठिन परिश्रम, समर्पण और नवीन दृष्टिकोण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कार्यक्रम का संचालन साइंस क्लब ने किया। इसमें संयोजक डॉ अर्चना पाटले, डॉ रश्मि पटेल, डॉ मनीशा गुप्ता, गार्गी शुक्ला ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया।

### अनुसंधान में भागीदारी के लिए किया प्रेरित

जीजीवी केमिस्ट्री विभाग की डॉ आरती श्रीवास्तव ने अपने अतिथि व्याख्यान में महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों और विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला और छात्राओं को अनुसंधान व नवाचार में सक्रिय भागीदारी करने प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ अंबुज पांडेय विभागाध्यक्ष विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरूक किया और कहा कि जिज्ञासा, प्रयोग और अनुसंधान से सीखने का अवसर कभी नहीं खोना चाहिए। निरंतर प्रयास और सीखने की लगन ही विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करती है। साइंस क्लब की संयोजक डॉ अर्चना पाटले ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों में रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नेतृत्व कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### विज्ञान व नवाचार का दिया प्रेरक संदेश

रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विज्ञान और महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर आधारित रचनात्मक प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में विज्ञान एवं अनुसंधान पर आधारित ज्ञान परीक्षा हुई। स्लोगन प्रतियोगिता में विज्ञान और नवाचार पर आधारित प्रेरक संदेश दिया गया।




### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर डॉ तृप्ति टंडन जूलॉजी विभाग, डॉ सुशीला एक्का भूगोल विभाग, डॉ मीना क्षेत्रपाल, डॉ पुष्पा भंडारी, डॉ किरण ठाकुर, डॉ प्रकाश यादव, डॉ कमलेश ठक्कर की उपस्थित रही।

# अयोध्या यात्रा के लिए आज से होगा पंजीयन

## दर्शनार्थियों को पुलिस मैदान में कराना होगा रजिस्ट्रेशन
## रामभक्त, समाजसेवी प्रवीण झा की पहल

**बिलासपुर।** रामनवमीं पर अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा के लिए तैयारियां अंतिम चरण पर है। इस यात्रा के लिए रविवार 1 मार्च से सिविल लाइन स्थित पुलिस मैदान में पंजीयन शुरू होगा। 25 मार्च को 1008 रामभक्तों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना होगा।

आयोजकों ने बताया कि पंजीयन अनिवार्य है और श्रद्धालुओं को स्वयं उपस्थित होकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। पूर्व में 2 साल जो श्रद्धालु यात्रा कर चुके हैं, उन्हें इस बार मौका नहीं मिलेगा। यात्रा के संयोजक प्रवीण झा ने बताया कि 1 मार्च से सिविल लाइन स्थित पुलिस मैदान में विशेष काउंटर बनाकर पंजीयन की व्यवस्था की जा रही है। सुबह 8 बजे से साढ़े 10 बजे तक श्रद्धालु अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। यात्रा कार्यक्रम सहयोगी राम प्रताप सिंह, अमरेंद्र कंठ, रौशन सिंह, रिंकू मित्रा, चंद्र किशोर प्रसाद, राजीव अग्रवाल, उचित सूद, शैलेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार भी एक परिवार से अधिकतम दो लोगों को ही अनुमति दी जाएगी। पंजीयन के लिए किसी प्रतिनिधि के माध्यम से नाम दर्ज नहीं किया जाएगा।



साथ ही दो पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना जरूरी होगा। यात्रा में शामिल होने के लिए आयु 18 से 65 वर्ष के बीच और पूरी तरह स्वस्थ होना अनिवार्य है। सीमित सीटों को देखते हुए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर पंजीयन किया जाएगा। सीमित सीटों को देखते हुए श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने की अपील की गई है। सभी प्रक्रिया स्थल पर ही पूरी करनी होगी।

### 25 मार्च को रवाना होगा जत्था

रामनवमीं 26 मार्च को है। एक दिन पहले 25 मार्च को सुबह 11 बजे पुलिस ग्राउंड से 1008 रामभक्तों का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना होगा। यात्रा के लिए 25 बसों और 10 कारों की व्यवस्था के साथ ही भोजन, सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं की तैयारी की जा रही है। सभी यात्रियों को निर्धारित वाहनों से ही प्रस्थान करना होगा।

# कंडों से होगा होलिका दहन



**बिलासपुर।** होली के पावन पर्व पर इस बार बिलासपुर में पर्यावरण संरक्षण और गौ-संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल की शुरुआत हुई है। सामाजिक संस्था कपिला गौ सेवा संस्थान ने नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों और ज़ोन में अपील की है कि होलिका दहन के दौरान लकड़ी के स्थान पर गोबर से निर्मित कंडों का उपयोग किया जाए। संस्था का मानना है कि यह कदम न केवल परंपरा के अनुरूप है, बल्कि पर्यावरण हित में भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा।

संस्था की अध्यक्ष क्षमा सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष होलिका दहन में बड़ी मात्रा में लकड़ी जलाई जाती है, जिससे पेड़ों की कटाई बढ़ती है और पर्यावरण संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि इसके स्थान पर गोबर से बने कंडों का उपयोग किया जाए तो इससे वृक्षों की रक्षा होगी, प्रदूषण में कमी आएगी और गौ-आधारित उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। मुक्तिधामों में अंत्येष्टि के दौरान लकड़ी के स्थान पर कंडों के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। एक अंतिम संस्कार के लिए लगभग 365 कंडे पर्याप्त होते हैं, जिससे लकड़ी की खपत में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। इस पहल को महापौर पूजा विधानी का भी समर्थन मिला है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे इस मुहिम का हिस्सा बनें और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

संस्था पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि नागपुर के कई श्मशान घाटों में पहले से ही गोबर के कंडों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे लकड़ी की खपत में कमी आई है। बिलासपुर में भी इसी मॉडल को अपनाकर शहर को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक उदाहरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. संगीता बनाफर, आर.एस. विन्दराज, प्रेमलता विन्दराज और अजिता पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कार्नर न्यूज**

## इन्क्यूबेशन सेंटर में आइडियाथॉन कार्यक्रम

# प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किया टेक्नालॉजी, हेल्थ व एजुकेशन पर स्टार्टअप मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा स्थित बिलासपुर स्मार्ट सिटी के बिनक्यूब, इन्क्यूबेशन सेंटर एवं बिज़नेसगढ़ के संयुक्त सहयोग से एक संरक्षित नवाचार कार्यक्रम आइडियाथॉन का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने टेक्नोलॉजी, सर्विस, एजुकेशन, हेल्थ एवं लोकल प्रॉब्लम सॉल्विंग से जुड़े विविध विषयों पर अपने स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में कुल 12 प्रतिभागियों ने अपने अभिनव व्यावसायिक एवं सामाजिक प्रभाव वाले विचारों की प्रस्तुति जूरी के समक्ष दी। जूरी द्वारा मूल्यांकन के उपरांत श्रेष्ठ 3 प्रतिभागियों को विजेता घोषित कर पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को मेंटरशिप, आइडिया वैलिडेशन तथा इन्क्यूबेशन सपोर्ट के अवसरों की जानकारी भी दी गई। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना, स्थानीय युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना, नवाचार आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करना, युवाओं, विद्यार्थियों व नवाचारकर्ताओं को अपने स्टार्टअप आइडियाज प्रस्तुत करने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना तथा उन्हें स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़ना रहा।



### नियमित रूप से होंगे आयोजन

बिज़नेसगढ़ की टीम ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि टियर-2 एवं टियर-3 शहरों के युवाओं को भी बड़े शहरों की तरह अवसर और मार्गदर्शन मिल सके। वे अपने विचारों को सफल स्टार्टअप में परिवर्तित कर सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बिलासपुर स्मार्ट सिटी, बिनक्यूब टीम, जूरी सदस्यों एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।



## एग्जाम

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए परीक्षा आज

**बिलासपुर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 1 मार्च 2026 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि धमतरी में पांच परीक्षा केन्द्र-मेनोनाईट हिन्दी हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, मॉडल इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल सोरिद नगर धमतरी, शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमातालाब और सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों द्वारा प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट में जाकर आवेदन क्रमांक एवं विद्यार्थी के पिता के मोबाईल नंबर की प्रविष्टि कर डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निर्देशों का पालन परीक्षार्थियों द्वारा किया जाना अनिवार्य है।




### पुलिस कॉन्स्टेबल ऑपरेटर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन

केंद्रीय चयन पर्षद सिपाही भर्ती की ओर से राज्य में पुलिस कॉन्स्टेबल ऑपरेटर के रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती निकाली गई है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 मार्च से स्टार्ट की जाएगी जो निर्धारित अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। जो भी उम्मीदवार पुलिस विभाग में सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं और भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं वे इसमें शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकेंगे।इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 (इंटरमीडिएट/ विज्ञान) या इसके समकक्ष उत्तीर्ण किया है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों ने गणित, भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान में न्यूनतम 50 प्रतिशत, एससी/ एसटी ने न्यूनतम 45 फीसदी अंक प्राप्त किए हों।

## धर्म-क्षेत्र

# 70 गांव के लोगों ने किया अखंड ज्योति कलश का दर्शन



**बिलासपुर।** कोटा विकासखंड में पूज्य गुरुदेव आचार्य श्रीराम शर्मा व वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की सूक्ष्म संरक्षण में कोटा विकासखंड के रतनपुर आदिशक्ति मां महामाया से अखंड ज्योति कलश दर्शन शुरू हुआ। इसका लगभग 70 गांव के लोगों ने दर्शन लाभ लिया। ज्योति कलश यात्रा रतनपुर से शुरू होकर बेलगहना सिद्ध आश्रम होते हुए कोटेश्वर महादेव की नगरी कोटा करगीरोड पहुंची। इस बीच लगभग 70 गांव में ज्योति कलश के दर्शन हुए। इस कार्यक्रम में नंदिनी पटनवार जिला समन्वयक, रामकुमार श्रीवास प्रभारी बिलासपुर, उद्योग प्रजापति ब्लॉक समन्वयक तखतपुर, डॉ फेकू लाल साहू ब्लॉक समन्वयक कोटा, टिंकू बैंसवाडे गायत्री प्रज्ञा पीठ स्कूल कर्रा, संचालक शिवचरण साहू, डॉ महेंद्र कश्यप, दिनेश पांडेय गायत्री प्रज्ञापीठ नवागांव रतनपुर, राधेश्याम साहू, राजाराम साहू, प्रतिमा राजपूत, सरिता कंवर, शरद जायसवाल, छेदीलाल कश्यप, पुजारी राम कौशिक, अवतार सिंह सर्विस लाल साहू, रामभरोस साहू, डॉ श्रवण साहू, भरत साहू गायत्री प्रज्ञापीठ कोटा, भागवत प्रजापति, विष्णु अग्रवाल, मनजीत सिंह पवार, संतोष जायसवाल, अनीता, नंदिनी साहू, शैल साहू, महेश तिलवानी, रामकिशन, डॉ संजीव पवार, रामायण व प्रमिला साहू का सहयोग रहा।

## आयोजन

# सनातन धर्म में होगी मोक्ष की प्राप्ति : संत सांई



**बिलासपुर।** राजा विक्रमादित्य मेला उत्सव के समापन पर श्री झूलेलाल मंदिर चकरभाटा के संत श्री लाल दास का दिव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इसमें श्री सांई ने कहा कि सनातन धर्म ही ऐसा धर्म है, जहां मोक्ष की प्राप्ति होगी। बड़े बुजुर्गों को शांति मिलेगी और उद्धार होगा। सांईजी ने मंदिर पहुंचकर माथा टेका राजा विक्रमादित्य की समाधि पर दीप प्रज्वलित कर सत्संग आरंभ किया। अनिल पंजवानी व रवि रूपवानी ने भजनों की प्रस्तुति दी। श्री सांई ने कहा कि इस मेले का बड़ा महत्व है। आयोजन का यह 70 वां वर्ष है। यह ऐसे संतों का दर है जहां लोग दुख लेकर आते हैं और सुख लेकर जाते हैं। खाली झोली लेकर आते हैं और भरी झोली लेकर जाते हैं। छत्तीसगढ़ में तीन राजा वीर के मंदिर हैं। इसमें तोरवा बिलासपुर, मुंगेली एवं रायगढ़ का मंदिर शामिल है। आखिर में पल्लो पाया गया। प्रसाद वितरण किया गया। आम भंडारा में बड़ी संख्या भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पूरे कार्यक्रम का सोशल मीडिया के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में राजा वीर मैला समिति व पूज्य सिंधी पंचायत तोरवा के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### होली मिलन समारोह में शामिल होंगे जनप्रतिनिधि

**दगोरी।** कुटी पारा में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन होगा। लगातार कई वर्षों से आयोजित होने वाली फूलों वाली होली मिलन समारोह इस बार 1 मार्च को शाम 4 बजे से होगा। आयोजन समिति प्रमुख श्यामसुंदर सन्नाट ने बताया कि, कार्यक्रम में आसपास के फाग गीत मंडली अपने मंडलियों के साथ भाग लेकर फाग गीत की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सभापति गोविंद यादव रहेंगे व अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रामकुमार कौशिक करेंगे।

### सत्संग सम्मेलन नशामुक्ति रैली आज

**दगोरी।** 'सत्य निज नाम बोध' संस्था राछा पौड़ी के तत्वाधान में संस्था के संस्थापक गुरु सत्य कबड्डी दास एवं गुरु माता सत्य लीलादेवी के पावन सानिध्य में सत्य निज नाम भवन बाजार चौक में नशा जनजागरण रैली निकाली जाएगी। इसके बाद अतिथि स्वागत सत्संग, गुरु भेंट सम्मेलन का आयोजन होगा। आयोजन समिति के बिंद्रा यादव, दशरथ निषाद ने बताया कि, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धरम लाल कौशिक, क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवनी, विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति गोविंद यादव, जनपद अध्यक्ष रामकुमार कौशिक, जनपद सभापति राजकुमार साहू, ओबीसी मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम कौशिक, ग्राम सरपंच मथुरा भारद्वाज, ग्राम पटेल ज्वाला प्रसाद सन्नाट, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र सन्नाट, निषाद समाज सरपंच बेसाखु निषाद ,दीवान निषाद समाज लखन निषाद इत्यादि रहेंगे।

## निधन

### बृजमोहन लाल शर्मा

**बिलासपुर।** गांधी चौक निवासी



बृजमोहन लाल शर्मा का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 मार्च को शाम 4 बजे उनके निवास से मधुबन नारियल कोठी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. ग्यारसीलाल शर्मा के पुत्र, नरेश शर्मा, रितेश शर्मा के भाई, कैलाश शर्मा, विकास शर्मा, आकाश शर्मा, आदर्श शर्मा के पिता थे।

### मनोज कुमार श्रीवास

**बिलासपुर।** तखतपुर के ग्राम बेलसरी



निवासी शिक्षक मनोज कुमार श्रीवास का 28 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल रविवार को सुबह 10 बजे बेलसरी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सीताराम श्रीवास के पुत्र, संतोष श्रीवास के भाई थे।

### ढेलऊ राम सिंगरौल

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत चितावर के पूर्व



पंच ढेलऊ राम सिंगरौल का 64 वर्ष की आयु में 27 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम चितावर में किया गया। वे कैलाश सिंगरौल, गुलाबा सिंगरौल के पिता पंकज, हर्ष, ओबिन, धन्नू के दादा जी थे।

### रानू पटेल

**तखतपुर।** ग्राम मोढ़े निवासी रानू पटेल



का 30 वर्ष की आयु में 26 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोढ़ में किया गया। वे बेनीराम पटेल के पुत्र, भानू पटेल, नागेंद्र पटेल के भाई एवं शिवांश पटेल के पिता थे।

### राजेंद्र सूर्यवंशी

**मोपका।** ग्राम पंचायत मटियारी के पूर्व



सरपंच राजेंद्र सूर्यवंशी का 43 वर्ष की आयु में शुक्रवार 27 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मटियारी में 28 फरवरी शनिवार को हुआ। वे अपने पीछे तीन पुत्री व एक पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे दिव्यांश, आकांक्षा स्नेहा व विवान के पिता थे।

### कानफोड़ू सायलेंसर व हॉर्न बने बुजुर्गों के लिए परेशानी

# बाजारों में उमड़ा होली का उत्साह, हो रही खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

बाजारों में रंगों के त्यौहार होली मनाने के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है। किराना दुकाने, कपड़े की दुकानों में भी खरीददारों की भीड़ नजर आ रही है। त्यौहार में पहले खरीदी जाने वाली आवश्यक चीजों की खरीदी में लोग जुटे हुए हैं। रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर प्रशासन ने होली के दिन शुष्क दिवस घोषित किया हैं। शराब की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित की गई हैं, परन्तु पीने वालों पर इस प्रतिबंध का कोई विशेष असर नहीं होता। रंगों के इस त्यौहार से पहले ही शहर के मुख्य चौक-चौराहों और सड़कों पर तेज रफ्तार बाइकों का शोर सुनाई देने लगा है। तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाना, बिना हेलमेट फर्राटे भरना और यातायात नियमों की अनदेखी करना आम बात बनती जा रही है। जिससे महिलाएं एवं बुजुर्ग परेशान हो रहे है।



होली की खरीददारी करती भीड़।

होली त्यौहार नजदीक आते ही पिछले एक-दो दिनों से बाजार में भीड़ देखी जा रही है। रंग, गुलाल, पिचकारी, शक्कर की बनी माला हरवा की दुकानें सज गई है। शनिवार को आज बच्चों के साथ महिलाएं भी होली के लिए रंग गुलाल एवं पिचकारियों की खरीदारी करती नजर आईं। शहर में होली पर्व नजदीक आते ही युवाओं और बाइकरों में उत्साह चरम पर दिखाई देने लगा है। शहर में विशेष रूप से सायलेंसर मॉडिफाइड बुलेट, तेज रफ्तार गाड़ियां और प्रेशर हॉर्न का उपयोग वाली मोटर साइकिल युवाओं का ट्रेंड बन चुका है। बुजुर्ग एवं महिलाओं के लिए ये परेशानी का कारण बन रहा है। इससे आम नागरिकों, बुजुर्गों और महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि, त्यौहार खुशियों और सौहार्द का प्रतीक होता है, लेकिन यदि यातायात नियमों की अनदेखी और तेज रफ्तार का प्रदर्शन जारी रहा तो कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है। खासकर छोटे बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में चिंता देखी जा रही है। होली का त्यौहार इस बार तीन दिन रहने की वजह से लोगों में उत्साह बना हुआ है। होली नजदीक आते ही बाजार में बढ़ती भीड़ को देखकर अच्छी खरीददारी की उम्मीद जताई जा रही है।

### वैदिक कॉलेज में रंगोत्सव की धूम होली के रंग में रंगा परिसर

सीपत। वैदिक महाविद्यालय सीपत में शनिवार को रंगों का उल्लास देखते ही बना, इस दौरान पूरा महाविद्यालय परिसर होली के रंगों में सराबोर नजर आया। विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ रंगोत्सव मनाते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाया और होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सुबह से ही महाविद्यालय का वातावरण होलियाना रंग में रंग गया था। ढोल-नगाड़ों और बाजे की थाप पर छात्र-छात्राएं जमकर थिरके। हवा में उड़ते गुलाल और चेहरे पर खिली मुस्कान ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। हर ओर रंगों की बौछार और मित्रता का संदेश दिखाई दे रहा था। रंगोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का परिचय देते हुए एक-दूसरे को गले लगाया। महाविद्यालय परिवार ने सभी को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण होली मनाने का संदेश भी दिया। पूरा परिसर देर तक उल्लासपूर्ण नारों से गूंजता रहा और रंगोत्सव की यह छटा विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गई।



# बजट में क्षेत्र के लिए 42 करोड़ रूपए से अधिक स्वीकृत

**तखतपुर।** विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से तखतपुर विधानसभा के लिए बजट में 42 करोड़ रूपए के ज्यादा की राशि सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ है, जिसमें शासकीय जेएमपी महाविद्यालय में अतिरिक्त भवन के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग से 2 करोड़ 73 लाख रुपए बजट में शामिल किए गए हैं।



इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग की ओर से तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में 17 सड़कों के लिए लगभग 42 करोड़ रुपए की राशि बजट में शामिल की गई है। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसाकापा मुख्य सड़क से बराही मिडिल स्कूल 2 किलोमीटर, खरगहना से चंदापारा सड़क निर्माण 3.30 किलोमीटर, साल्हेकापा धरसा तालाब से देवतरा पहुंच मार्ग 3.40 किलोमीटर लागत लगभग 11 करोड़ 20 लाख, लमेर से नरोतिकापा मार्ग 2 किलोमीटर, कपसियाखुर्द से बारद्वार 2 किलोमीटर, सकरी से सैदा मार्ग चौड़ीकरण 3 किलोमीटर लागत लगभग 8 करोड रुपए, कंचनपुर से कठमूडा 2 किलोमीटर, विंध्यासर से बिनौरी 0.40 किलोमीटर, देवरीकला से भरनी पहुंच मार्ग 2.50 किलोमीटर लागत 7 करोड़ 20 लाख, सकरी से पेंड्रीडीह सड़क मार्ग 4 किलोमीटर, टिकरी से गाड़ाघाट 2 किलोमीटर, घुरु अमेरी से सकरी 5.25 किलोमीटर लागत 4 करोड रुपए, गिरधौना से केकराड़ सड़क निर्माण कार्य 5 किलोमीटर लागत 4 करोड रुपए, उसलापुर गीता पैलेस से अमेरी अंडरब्रिज निर्माण कार्य 2.50 किलोमीटर, खटोलिया से उदयपुर 4 किलोमीटर लागत 4 करोड़ रुपए, सफरीभाटा से पैजनिया 2 किलोमीटर लागत 2 करोड रुपए एवं भकुरा नवापारा धान खरीदी केंद्र से अजयपुर कपसिया खुर्द पहुंच मार्ग 1.50 किलोमीटर लागत 1 करोड़ 60 लाख रुपए बजट में शामिल किया गया है।

# पेंशनर एसोसिएशन की बैठक



**मस्तूरी।** छत्तीसगढ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर एसोसिएशन के जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को आहूत की गई, जिसमें नए सदस्यों को परिचय पत्र प्रदान किया गया। बैठक में छत्तीसगढ सरकार से राज्य कर्मचारियों की भांति मंहगाई भत्ता, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, 80 वर्ष की जगह 70 वर्ष में 20% अतिरिक्त वेतन देने कि मांग रखने पर विचार किया गया।
संगठन विस्तार पर चर्चा के साथ 12 अप्रैल को जांजगीर में प्रांतीय अधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों की उपस्थिति पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए रूपरेखा तैयार करने संघ के प्रांताध्यक्ष पीआर यादव ने निर्देश दिया। बैठक में मुख्यरुप से आरपी सिंह, अशोक भार्गव, ललित पाण्डेय, एसपी क्रोशिया, डीएल डहरिया, राजेन्द्र चन्द्राकर, एके साहू, कोमल पाटनवार, राजीव कस्तूरी, नंदकुमार साहू, रामकिशुन राठौर, एमपी राठौर, जीएस उपाध्याय, जेपी उपाध्याय, प्रभात शर्मा, सुरेश द्विवेदी, निरंकार तिवारी, बसंत कुमार बंजारे, पांडुजी, रामकिशोर कौशिक, अमरनाथ साहू, शिवनाथ सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# जांजी धान खरीदी केंद्र ने रचा इतिहास, पहली बार जीरो शार्टेज

**पारदर्शिता, अनुशासन और टीमवर्क का शानदार उदाहरण**

**सीपत।** सीपत सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत संचालित जांजी धान खरीदी केंद्र ने इस वर्ष ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए "जीरो शॉटेज" दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



सीपत सहकारी सेवा समिति के अंतर्गत आने वाले अन्य धान खरीदी केंद्रों की तुलना में यह उपलब्धि सबसे पहले जांजी केंद्र में दर्ज की गई, जिसने पूरी व्यवस्था को नई दिशा देने का कार्य किया है। जांजी धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक दिलीप साहू के नेतृत्व में पूरी टीम ने संगठित, पारदर्शी और जिम्मेदार कार्यप्रणाली का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। जीरो शॉटेज का अर्थ है कि, खरीदी और भंडारण की पूरी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कमी या नुकसान दर्ज नहीं हुआ, जो प्रशासनिक दक्षता और सुदृढ़ प्रबंधन का प्रमाण है। इस सफलता के पीछे संस्था प्रबंधक दिलीप साहू के साथ प्राधिकृत अधिकारी बुधराम सूर्यवंशी, कम्प्यूटर ऑपरेटर हिमांशु पाठक, बारदाना प्रभारी रामकरण चंद्राकर, तौल प्रभारी प्रदीप कुमार तथा फंड प्रभारी सुमेंद वर्मा का विशेष योगदान रहा। सभी ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया। खरीदी प्रक्रिया के दौरान तौल व्यवस्था की सतत निगरानी, बारदाना प्रबंधन की सुव्यवस्थित योजना, रिकॉर्ड की सटीक प्रविष्टि तथा भंडारण की पारदर्शी प्रणाली ने मिलकर इस उपलब्धि को संभव बनाया। किसानों को भी समय पर तौल, पावती और भुगतान संबंधी प्रक्रियाओं में सुविधा मिली, जिससे उनका विश्वास और मजबूत हुआ। स्थानीय स्तर पर इस उपलब्धि को लेकर किसानों और समिति सदस्यों में उत्साह का माहौल है। जानकारों का मानना है कि, यदि इसी प्रकार अनुशासन और पारदर्शिता बनी रही, तो जांजी धान खरीदी केंद्र भविष्य में भी उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छुएगा। संस्था प्रबंधक दिलीप साहू और उनकी टीम की यह उपलब्धि न केवल जांजी केंद्र के लिए बल्कि संपूर्ण सीपत क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।

# अधिवक्ता संघ मस्तूरी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



तहसील कार्यालय के बाहर बैठे मवेशी।

- एसडीएम, तहसील कार्यालय परिसर में व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**मस्तूरी।** एसडीएम व तहसील कार्यालय परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर अधिवक्ता संघ मस्तूरी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द ही कार्यालय परिसर में बेहतर व्यवस्था बनाने मांग की है। शुक्रवार को तहसील अधिवक्ता संघ मस्तूरी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सरक्षक राजकिशोर पांडेय व अध्यक्ष दिलीप शर्मा के साथ अनुविभागीय अधिकारी प्रवेश पैकरा से न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं व पक्षकारों को होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए समस्याओं के जल्द समाधान हेतु आवेदन पत्र देकर निवेदन किया। आवेदन में अधिवक्ताओ ने बताया कि, तहसील मुख्यालय में अधिवक्ताओं और आम नागरिकों के मूलभूत सुविधाओं को निरंतर उपेक्षित किया जा रहा है। न्यायालय परिसर में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आने वाले पक्षकारों जिनमें दिव्यांग, बुजुर्ग, महिलाएं तथा उनके साथ बच्चे भी होते हैं, जिनके लिए बैठने की कोई शेड या छायादार स्थान नहीं है, न ही फर्नीचर की व्यवस्था है। गर्मी और बरसात में पक्षकार दयनीय स्थिति में भटकने के लिए विवश होते हैं, साथ ही गर्मी में पक्षकारों के पीने के लिए शुद्ध पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। परिसर में अधिवक्ताओं, महिलाओं अथवा पक्षकारों के लिए शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है। इसी तरह न्यायालय परिसर की सफाई की कोई व्यवस्था नहीं होने से गंदगी फैली हुई है, और परिसर में आवारा मवेशियों द्वारा अधिवक्ताओं के कागजातों को नुकसान पहुंचाया जाता है।

# सकरी विदेशी शराब दुकान में लगी आग

## शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका



**सकरी।** सकरी स्थित कंपोजिट दुकान के विदेशी शराब दुकान में शनिवार को दोपहर 2:45 बजे अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुकान में भीड़ थी तभी अचानक आग की लपटें उठती देख वहां भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस पर तुरंत दमकल विभाग सहित विभागीय अधिकारियों को तत्काल सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने तत्काल आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लेने से बड़ा हादसा टल गया, हालांकि दुकान के अंदर रखा काउंटर सहित अन्य सामान जल गया। राहत की बात यह रही कि, स्कैनर सहित दुकान में रखा नकदी कैश बच गया। अब आबकारी विभाग के अधिकारी नुकसान का आंकलन करने में जुटे हुए है। घटना के बाद एहतियातन विदेशी शराब दुकान को बंद कर दिया गया। सूचना मिलते ही आबकारी विभाग के जिले के आला अधिकारी, और पुलिस की स्थानीय टीम भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विदित हो कि सकरी का देशी विदेशी मदिरालय में हमेशा मदिरा प्रेमियों की भारी भीड़ जुटी रहती है, ऐसे में भीड़ के समय बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### उस्लापुर की दुकान में लगी भीड़

आग लगने की घटना के बाद सकरी स्थित विदेशी मदिरा दुकान को बंद कर दिया गया, जिसके बाद लोग मदिरा लेने उस्लापुर स्थित शराब दुकान पहुंचने लगे। भीड़ बढ़ने से यहां अव्यवस्था निर्मित हो गई एवं स्थिति अनियंत्रित हो गई। सूत्रों के मुताबिक वहां भीड़ होने के कारण वाद विवाद की स्थिति बनती रही।

### नहीं हुई जनहानि

दोपहर 2,45 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते सकरी विदेशी दुकान में आग लग गई, इसकी जानकारी मिलते ही दमकल एवं विभागीय अधिकारी को सूचना दी गई। दमकल की टीम ने मौके पर तत्काल काबू पाया गया। कोई जनहानि नहीं हुई। विभाग के आला अधिकारी घटना स्थल पहुंचे नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

- धर्मेंद्र शुक्ला,
आबकारी उपनिरीक्षक

# प्रशासन की तत्परता से रोका गया बाल विवाह

**पेंड्रा।** जिले में बाल-विवाह के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित बाल-विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत एक बार फिर समय रहते हस्तक्षेप कर लाटा गांव में 16 वर्षीय नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाया गया।

- पिछले दो माह में 13 मामलों में प्रशासन की कार्रवाई





चाइल्ड हेल्पलाइन से सूचना मिलते ही विभागीय टीम तत्काल सक्रिय हुई और संबंधित गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल की। स्थिति की पुष्टि होने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विवाह की प्रक्रिया रुकवाई। इस दौरान साल्हे-घोरी, चचेड़ी सहित अन्य गांवों में भी सतर्कता बरती गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा ने बताया कि, पिछले दो महीनों में जिले में कुल 13 बाल विवाह सफलतापूर्वक रुकवाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि, बाल-विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, इसलिए इसे रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। कार्रवाई के दौरान टीम ने बालिका के माता-पिता और परिजनों को बाल-विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाइश दी। साथ ही बाल-विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए भविष्य में बाल-विवाह न करने संबंधी घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर कराए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले के विभिन्न गांवों में सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि, सामुदायिक सहभागिता और प्रशासनिक सतर्कता से ही बाल-विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सकता है। जिले में लगातार हो रही कार्रवाई से बाल विवाह के विरुद्ध सशक्त संदेश जा रहा है।

# एसडीएम ने किया विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर का अवलोकन



**मुंगेली।** केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के पीएमश्री विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज ने पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सोढ़ार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को अपनाने तथा स्वच्छ एवं प्रेरक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। इसी तरह पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला किरना का जिला मिशन समन्वयक अशोक सोनी ने निरीक्षण किया।

**कार्यालय रा.नि.मं. पेण्डारी, तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन/ स्थल निरीक्षण सूचना**

प्रति, दिनांक 26.02.2026
सर्वश्री/ श्रीमती 1. राजकुमार/रामाधीन 2. श्याम सुंदर/ बलराम 3. अनय हितबद्ध पक्षकार
विषय: सीमांकन/ स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 23.01.2026
संदर्भीत विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम भरनी प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. पेण्डारी तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के अंतर्गत खसरा नं. 399/7 रकबा 0.257 हेक्टेयर भूमि स्वामी राजकुमार पिता/ पति रामाधीन के द्वारा सीमांकन/ स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ स्थल निरीक्षण दिनांक 02.03.2026 को लगभग 12.00 से 2.00 बजे किया जावेगा।
अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जाने।
टीपः विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल निरीक्षण/ बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।
प्रतिलिपि: 1. तहसीलदार/ना. तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर को सूचनार्थ। 2. प.ह.नं. 48 का सूचनार्थ।
राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. पेण्डारी, तह. सकरी

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 – रा.नि.म. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित दुकान है जिसका खसरा नं. 186/10 क्षेत्रफल 110 वर्गफीट एवं मकान जिसका खसरा 186/8 क्षेत्रफल 1080 वर्गफुट है जो कि अभी सुसंगत भू अभिलेखों में श्रीकन्त मोने उम्र 66 वर्ष पिता स्व.श्री मनोहरराव यशवंत मोने निवासी दयालबंद के स्वामित्व में है। उक्त दुकान एवं मकान क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है। जिसकी अग्रिम बयाना राशि 5,00,000/– (पांच लाख रूपये मात्र) दी जा चुकी है एवं निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना तय है।
अतः उक्त दुकान एवं मकान के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था शासकीय अर्धशासकीय व निकाय को आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर वैध दस्तावेज लेकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।
भवदीय
मेहुल पटेल
पिता-श्री घनश्याम पटेल
पता- शुभम विहार बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9755512132

**आम - सूचना**

मैं अपने पक्षकारा श्रीमति लक्ष्मी मौर्य उम्र 49 वर्ष पति श्री आशीष मौर्य निवासी 180 फेस I स्मृति वन रोड राजकिशोर नगर बिलासपुर तह.व.जि.बिलास.छ.ग. की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आमसूचना प्रकाशित करता हूं। मेरा पक्षकारा श्रीमति लक्ष्मी मौर्य (क्रेता) के द्वारा विनीता कश्यप (विक्रेता) उम्र 41 वर्ष पति श्री विजय कुमार कश्यप निवासी मकान नं. 57/5 मुंगेली, तह. व जिला-मुंगेली छ.ग. के हक स्वामित्व, कब्जे की परिवर्तीत भूमि ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित जिसका खसरा नंबर 484/6 रकबा 1120 वर्गफीट, 0.0110 एकड़ शीट नं. 18, भूखण्ड क्र. 995/8 जिसकी चौहद्दी उत्तर में संजय श्रीवास का मकान,दक्षिण में सीमा कश्यप की भूमि, पूर्व में 25 फीट रास्ता, पश्चिम में अग्रवाल की भूमि को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि विक्रेता को अदा किया गया है जिसकी निकट भविष्य में रजिस्ट्री करायी जावेगी। उक्त क्रय-विक्रय से जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था आदि को आपत्ि हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे पते पर मय समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य की जावेगी।
सो सूचना जानें।
दिनांक: 28/02/2026
शिवनाथ श्रीवास
अधिवक्ता/नोटरी
राजिकशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.9827115359

**समक्ष: नोटरी सिविल, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मनके मैं मोहन लाल नाग उम्र 49 साल पिता श्री नरोत्तम नाग, जाति-कतिया, निवासी ग्राम-पेण्ड्रीडीह पो. हिर्री तहसील-बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) का मूल निवासी हूं जो कि नीचे लिखे अनुसार शपथपूर्वक कथन करता हूं कि:- 1- यह कि मैं उपरोक्त पते का/की निवासी हूँ। 2-यह कि मेरे आधार कार्ड नंबर 7082 1800 7628 में मेरा नाम मोहन लाल नाग दर्ज है। 3- यह कि मेरे नाम पर छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा चकरभाठा के बचत खाता नंबर 5404057918 है। जिसमें मेरा नाम मोहन नाग दर्ज है। 4-यह कि मेरे मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम मोहन लाल गढ़ेवाल दर्ज है। 5- यह कि मैने भारतीय जीवन बीमा निगम के पालिसी नंबर 386213639 संचालित है जिसमें मेरा नाम मोहन लाल गढ़ेवाल दर्ज है।
यह कि मुझे मोहन नाग, मोहन लाल नाग एवं मोहन लाल गढ़ेवाल तीनों नाम से जाना व पहचाना जाता है एवं उक्त तीनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं स्वयं ही हूं। यह कि मेरे द्वारा दी जा रही उपरोक्त जानकारी सत्य है कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यह कि उक्ताशय के समर्थन में यह शपथ-पत्र निष्पादित कर रहा / रही हूं।
शपथकर्ता
मोहन नाग

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पुष्पा देवी शर्मा पति गिरधारी लाला शर्मा निवासी- तोरवा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि मौजा धुमा, महल नं. 03, प.ह.नं. 45, तहसील व जिला बिलासपुर में खसरा नं. 291, रकबा 0.37 डिसमिल (16228 वर्गफुट) भूमि स्थित है तथा उपरोक्त मौजा, महल नं., तहसील व जिला में ही श्री गिरधारी लाला शर्मा पिता पीरामल शर्मा, निवासी तोरवा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भी भूमि खसरा नं. 292/2, रकबा 0.82 डिसमिल (36066 वर्गफुट) स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा तय कर अग्रिम राशि प्रदान कर दिया गया है, जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना है। अतः उक्त भूमि के क्रय विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था निकाय, बैंक या अन्य को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावे, बाद की आपत्ति विधि मान्य नहीं होगी। सो आम सूचना जाने।
भवदीय-
शंकर चतुर्वेदानी (अधिवक्ता)
पता- अग्रसेन चौक के पास रघुराज स्टेडियम के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9977288338, 9131202121

**न्यायालय माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठश्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस/समस**

आदेश दिनांक – 16/2/2026
प्रकरण क्रमांक – 12/2026
पेशी तारीख – 19/03/2026
प्रोसेस नंबर – 29/2026
श्रीमती अमृता बक्श अन्य 3.....
आवेदिकागण
**बनाम**
आम जनता जो इससे संबध रखता हो अन्य
प्रति,
आम जनता जो इससे संबंध रखता हो
चूंकि आवेदिकागण के द्वारा इस न्यायालय में इस न्यायालय में स्वर्गीय मनोज बक्श के मृत्यु दिनांक 28.01.2025 पर से उसके विधिक उत्तराधिकारी होने एवं मृतक एस.डी.एस. ठेकेदारी राउरकेला उड़ीसा के अधीन बिलासपुर में कार्यरत रहने तथा उसके नाम पर भविष्य निधि पी.एफ. आपिस मे जमा है को मय ब्याज सहित प्राप्त किये जाने बाबत उत्तराधिकारी आवेदन पत्र पेश किये है।
यदि उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति विशेष, संस्था, अर्धशासकीय, शासकीय, बैंक, निकाय आदि को किसी प्रकार का हित रखते हो या इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 19.03.2026 को स्वंय अथवा किसी ऐसे प्लाडी के साथ जिसको सम्यक अनुदेश दिये हो अपने पक्ष के दस्तावेज एवं साक्ष्य के उपस्थिति होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हो। बाद की, की गई आपत्ति मान्य नही होगी।
यदि किसी कारणवश पीठीसीन अधिकारी अवकाश मे रहते है या शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस मे की जावेगी।
अतः आज दिनांक 28.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान – बिलासपुर
दिनांक – 28.02.2026
(असलम खान)
प्रथम व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ श्रेणी
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)




## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में शुभम को मिला बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन अवार्ड



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में 27-28 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के शोधार्थी शुभम को "बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन अवार्ड" से सम्मानित किया गया। शुभम ने अपने विषय पर पोस्टर प्रेजेंटेशन में प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस अध्ययन में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की जनजातीय महिलाओं के बीच बांस आधारित आजीविका मॉडल का सांख्यिकीय विश्लेषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें आय वृद्धि, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक सशक्तिकरण के सकारात्मक परिणाम सामने आए। प्रस्तुति के दौरान आय तुलना तालिका, शोध निष्कर्ष एवं प्रस्तावित सशक्तिकरण मॉडल को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया, जिसे निर्णायक मंडल द्वारा विशेष रूप से सराहा गया। शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने सुपरवाइजर डॉ. अलका मिश्रा और मेंटर प्रोफेसर. एस. एल. स्वामी को दिया है।

### रोड सेफ्टी अवेयरनेस फ़िल्म 'सुरक्षा' के पोस्टर का विमोचन



**बिलासपुर।** आर्यन फ़िल्म द्वारा चेतना अभियान के अंतर्गत निर्मित रोड सेफ्टी अवेयरनेस फ़िल्म "सुरक्षा" के पोस्टर का विमोचन सांसद तोखन साहू ने किया। यह फ़िल्म आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का सशक्त संदेश देती है। फ़िल्म का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना है कि बाइक चलाते समय दोनों सवारियों द्वारा हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाया जाए। फ़िल्म यह भी दर्शाती है कि सड़क पर दुर्घटना केवल अपनी गलती से ही नहीं, बल्कि सामने से आने वाले की भूल से भी हो सकती है। इस अवसर पर आर्यन फ़िल्म के निर्देशक रामा नंद तिवारी, सहायक निर्देशक महेंद्र सूर्यवंशी एवं क्रिएटिव डायरेक्टर डॉ. सुनंदा मरावी उपस्थित रहे। फ़िल्म में विशेष सहयोग डॉ. एल.सी. मढ़रिया, रितु साहू एवं खुशी देवांगन का रहा। फ़िल्म का निर्माण डीआईजी एवं एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा-निर्देशों एवं यातायात प्रभारी एएसपी राम गोपाल करियारे के मार्गदर्शन में किया गया है। फ़िल्म में मुख्य भूमिका विवेक चंद्रा एवं कृष्णी तिवारी हैं।

### देवेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला प्रशिक्षण सह प्रमुख नियुक्त

**बिलासपुर।** भाजपा ने संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले युवा नेता देवेश सोनी को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का जिला प्रशिक्षण सह प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से जिला भाजपा में उत्साह और हर्ष का माहौल है। पार्टी नेतृत्व ने उनकी कार्यशैली, संगठनात्मक क्षमता और सक्रियता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।



देवेश ने विधायक अमर अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और विश्वास के कारण ही उन्हें यह दायित्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी संभाली थी।

### शाह द्वारा रचित फागुन होली फाग गीत पुस्तक का विमोचन आज

**बिलासपुर।** समाज सेवी अमरनाथ शाह आशीर्वाद शाह धर्मादा सेवा ट्रस्ट द्वारा होली पर्व के पूर्व फाग गीत स्व. आशीर्वाद शाह द्वारा लिखित फागुन होली फाग गीत पुस्तक का विमोचन 1 मार्च को होगा। रमेश गुप्ता ने बताया की जूना बिलासपुर निवासी स्वर्गीय आशीर्वाद शाह द्वारा स्वयं रचित फागुन होली गीत पुस्तक का विमोचन 1 मार्च को दोपहर 2 बजे कर्बला रोड जूना बिलासपुर में आयोजित किया गया है। पुस्तक का विमोचन होने के बाद जिले एवं आस पास के क्षेत्रों में वितरण किया जाएगा।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का होली पर्व बैसवारी फाग कल

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा होली पर्व के बैसवारी फाग का आयोजन 2 मार्च को शाम 6 बजे से सदर बाजार स्थित तिवारी चेंबर में किया जाएगा। इसमें शहर की विभिन्न भाग मंडलियों द्वारा होली गीतों पर आधारित फाग गीतों की प्रस्तुति देकर होली पर्व गीतों का आनंद लिया जाएगा। इस अवसर समारोह में शामिल होने के लिए पं.योगेश तिवारी पं.संजय तिवारी, पं.शरद तिवारी, पं.राकेश तिवारी, पं.अक्षत तिवारी ने समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर होली फाग गीतों का रसपान करने का अनुरोध किया है। आयोजन समिति के सदस्य योगेश तिवारी ने बताया कि कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा होली पर्व के बैसवारी फाग का आयोजन इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। संबंधित अतिथियों को निमंत्रण दिया जा चुका है। रंग और गुलाल और गुंजिया सहित भांग के साथ होली महोत्सव मनाया जाएगा। रंगों की होली के साथ फाग गीतों का रसपान समाज के लोग कर सकेंगे।

---

देश के जाने-माने आर्किटेक्ट संजय मोहे ने कहा | आईआईए द्वारा आयोजित विशेष सेमिनार में संबोधन के लिए पहुंचे शहर

# छत्तीसगढ़ डवलपिंग प्लेस, यहां आर्किटेक्चर की अपार संभावनाएं

**बिलासपुर।** देश के जाने-माने आर्किटेक्ट संजय मोहे ने छत्तीसगढ़ को डवलपिंग प्लेस बताते हुए यहां आर्किटेक्चर के क्षेत्र में अपार संभावनाएं बताई है। उन्होंने कहा कि हर शहर का एक इतिहास, सभ्यता, संस्कृति और क्लाईमेट होता है। एक अच्छे आर्किटेक्ट को बस इसे पहचानने की जरूरत होती है। इसे पहचानकर लेयर-टू-लेयर आगे बढ़ा जाए तो शहर के व्यवस्थित विकास को कोई नहीं रोक सकता।



इंडियन इंस्टीट्यूट आफ आर्किटेक्ट्स द्वारा आयोजित विशेष सेमिनार को संबोधित करने शहर पहुंचे देश के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट संजय मोहे ने हॉटल मेरियट में पत्रकारों से बातचीत की। श्री मोहे बैंगलुरू में अपनी फर्म माईंडस्पेस आर्किटेक्ट्स का संचालन करते हैं। इनकी संस्था एक ऐसी संस्था है जो समकालीन भारतीय वास्तुकला को एक संवेदनशील और पर्यावरण अनुकूल दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। श्री मोहे ने कहा कि किसी भी शहर के विकास के लिए एक अच्छे मास्टरप्लान की जरूरत होती है, लेकिन उस मास्टरप्लान में संवेदनशीलता का होना अति आवश्यक है। बगैर संवेदनशीलता के तैयार किए गए मास्टरप्लान से शहर का विकास संभव नहीं है।

उन्होंने इस फील्ड में निर्माण को पूरा करने का हर समय एक प्रेशर होने की बात कही, लेकिन इस प्रेशर को अच्छा भी बताया, क्योंकि इसके दम पर ही एक अच्छा आर्किटेक्ट अपना बेस्ट दे पाता है। उन्होंने एआई को इस फील्ड के लिए भी काफी चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने एआई से प्रभाव पड़ने की बात तो कही, लेकिन कितना प्रभाव पड़ेगा इसका पता भविष्य में ही चलने की बात कही है।

### आर्किटेक्चर एक क्रियेटिव फील्ड, लेकिन पैशन जरूरी

आर्किटेक्चर को उन्होंने एक बहुत ही ज्यादा क्रियेटिव फील्ड बताया है, जिसमें करने को काफी कुछ है, लेकिन इसमें पैशन की जरूरत है। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि आर्किटेक्चर के कई लेयर हैं। प्रत्येक लेयर की बेहतर समझ ही एक अच्छा आर्किटेक्ट पैदा करने में सहायक होती है। अपने बारे में बताते हुए श्री मोहे ने कहा कि उन्हें एक बहुत अच्छे गुरू और अच्छे दोस्त मिले, लेकिन उनके जीवन में लगातार टैलेंटेड लोगों का आते रहना कहीं ना कहीं एक अच्छे भाग्य की भी निशानी है। इन सभी के प्रयासों से ही वे आज इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं।

### शहर का चरणबद्ध विकास ही असली विकास

किसी भी शहर का विकास चरणबद्ध तरीके से हो तभी विकसित हो सकता है। शहर ऐसे ही विकास को सम्हाल पाता है। एकाएक हुआ विकास शहर को आबाद नहीं, बल्कि बर्बाद करने का कारण बनता है। श्री मोहे ने उदाहरण देते हुए बताया कि किसी शहर में अचानक कोई अंतर्राष्ट्रीय कंपनी या उद्योग स्थापित हो जाए, जिसके कारण यहां काम करने वाले लोगों की बड़ी संख्या, उनके आवासीय भवनों एवं उनके वाहनों की संख्या में भी एकाएक बढ़ोतरी होना तय है, लेकिन इसके लिए शहर तो पहले से तैयार ही नहीं है। बस शहर के खराब होने की यहीं से शुरूआत होने लगती है।

### निर्माण में स्थानीय संसाधनों का होना जरूरी

श्री मोहे ने कहा निर्माण में स्थानीयता एवं पारंपरिक संसाधनों की उपस्थिति नजर आनी चाहिए। किसी भी बिल्डिंग को अच्छा दिखाने के लिए मटेरियल विदेश या बाहर से ही मंगवाना कोई जरूरी नहीं है। इसमें न केवल स्थानीयता की अनदेखी होती है, बल्कि पैसों की भी बर्बादी हो रही है। हमारे पास उपलब्ध स्थानीय संसाधनों का उपयोग करके भी हम अच्छा और सस्टनेबल डवलपमेंट कर सकते हैं। आज लोग हर बिल्डिंग को सिंगापुर जैसी ही बनाना चाह रहे हैं, जबकि इनमें लोकल कैरेक्टर का जोड़ा जाना अति आवश्यक है।

---

सीमेकॉन 2026 के प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप एवं वैज्ञानिक सत्र का शुभारंभ

# 'हेल्दी माइन्स' एक थीम नहीं, बल्कि चुनौतियों का सामना करने की सामूहिक तैयारी का संकल्पः दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

एसईसीएल की मेजबानी में आयोजित की जा रही कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस सीमेकॉन 2026 के अंतर्गत आज प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप एवं वैज्ञानिक सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने किया।

इस अवसर पर श्री दास ने कहा कि "हेल्दी माइन्स" केवल एक थीम नहीं, बल्कि आने वाले समय की चुनौतियों का सामना करने की हमारी सामूहिक तैयारी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि भविष्य में एक स्वस्थ, सक्षम और सजग कार्यबल ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति होगी। इसलिए व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाना, खदान क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की नियमित स्वास्थ्य जाँच, समयबद्ध निदान तथा उन्नत चिकित्सा पद्धतियों का प्रभावी उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकों की बढ़ती भूमिका पर भी बात की। इस अवसर पर डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा, डॉ. कल्याण सरकार सोहागपुर क्षेत्र तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरिहंत जैन एवं विभिन्न अनुषंगी कंपनियों सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।




सेमिनार में उपस्थित एसईसीएल के अफसर एवं अन्य अतिथि।

### महत्वपूर्ण विषयों पर वक्ताओं ने की चर्चा

कार्यक्रम में ऑक्यूपेशनल हेल्थ पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें स्पाइरोमेट्री, चेस्ट एक्स-रे, आईएलओ रेडियोग्राफ्स एवं न्यूमोकोनियोसिस तथा आईएमई एवं पीएमई से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इन विषयों के माध्यम से खदान क्षेत्रों में प्रचलित श्वसन संबंधी रोगों की पहचान, रोकथाम एवं प्रभावी प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। इस्केमिक हृदय रोग में ईसीजी की भूमिका पर केंद्रित कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें हृदय रोगों के शीघ्र निदान एवं उपचार में ईसीजी की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। डीएनबी सत्र में युवा चिकित्सकों ने जटिल चिकित्सीय विषयों पर केस प्रस्तुतियां दीं। इनमें कोयला खनिक में हेमोप्टाइसिस के कारणों की समीक्षा, युवा वयस्कों में हाइपरट्रॉफिक ऑब्स्ट्रक्टिव कार्डियोमायोपैथी तथा हाइपरऑस्मोलर हाइपरग्लाइसेमिक नॉन-कीटोटिक अवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। अंत में निर्णायक मंडल ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। सीमेकॉन 2026 में कोल इंडिया एवं उसकी सहायक कंपनियों सहित विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के 250 से अधिक चिकित्सक भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का प्रथम दिन ज्ञानवर्धक चर्चाओं एवं सार्थक विमर्श के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने आगामी सत्रों के लिए एक सशक्त आधार प्रदान किया।



# माड्यूलर अस्पताल की शिफ्टिंग शुरू केयर यूनिट का होगा निर्माण

**बिलासपुर।** 75 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की प्रक्रिया तेज हो चुकी है। जिला अस्पताल में लगाए गए 3 करोड़ के माड्यूलर अस्पताल की शिफ्टिंग की जा रही है। इसके हटते ही सीजीएमएससी द्वारा निर्माण शुरू किया जाएगा।

■ टेंडर को 7 माह का समय बीता

जिला अस्पताल में बने माड्यूलर अस्पताल की शिफ्टिंग शुरू हो चुकी है, कोरोना काल के दौरान 3 करोड़ की राशि से बने पोर्टेबल अस्पताल को कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 3 यूनिट और सेंदरी स्थित मेंटल अस्पताल में 2 यूनिट भेजा जा रहा है। वर्तमान में ठेकेकर्मियों के द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। वहीं बिजली विभाग द्वारा जिला अस्पताल परिसर में लगे बिजली पोल को भी हटाया जा रहा है। इसके लिए सीजीएमएससी ने 2 लाख 81 हजार रूपए खर्च किए है। बताया जा रहा है कि इसके हटने के बाद ही 75 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

### 19 करोड़ की लागत

सीजीएमएससी द्वारा 75 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट के लिए करीब 19 करोड़ रूपए खर्च की जाएगी। इसका ठेका मेसर्स कनवल जैन को दिया गया है। जी प्लस 4 का भवन में करीब 1200 वर्गफीट क्षेत्र में निर्माण कार्य किया जाएगा।

### उपकरण हो चुके हैं चोरी

कोविड काल के दौरान माड्यूलर अस्पताल को आईसोलेशन वार्ड बनाने के लिए लाया गया था, इसके लिए 3 करोड़ खर्च किए गए थे, लेकिन जिला अस्पताल प्रबंधन कभी भी इस संसाधन का उपयोग नहीं कर सका।

### काम चालू किया जाएगा

5 यूनिट हटाई जा रही है। इसके अलग-अलग जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके जगह बन जाएगी और काम चालू किया जाएगा। थोड़ा समय लग रहा है लेकिन समय पर निर्माण कर लिया जाएगा।

-राजेन्द्र प्रसाद, ईई, सीजीएमएससी

## छत्तीसगढ़ अधिकारी- कर्मचारी पेंशनर्स का प्रांतीय अधिवेशन जांजगीर में



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन जांजगीर में 12 अप्रैल को करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पेंशनरों को महंगाई राहत भुगतान के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को छत्तीसगढ़ राज्य में लागू कराने याचिका दायर करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव यादव को अधिकृत किया गया।

सेवारत कर्मचारियों के लिए घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना को पेंशनरों के लिए भी लागू करने की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपने का निर्णय लिया गया । बैठक की अध्यक्षता पेंशनर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी आर यादव ने की । कार्यकारिणी की बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी आर पी सिंह, अशोक भार्गव,ललित पांडेय, एस पी करोसिया, डी एल डहरिया, राजेंद्र चंद्राकर,ए के साहू, कोमल पटनवार, राजीव कस्तूरे, राजकुमार मिश्रा, नंद कुमार साहू, किशून राठौड़, एम पी राठौर, जी एस उपाध्याय, जे पी उपाध्याय, प्रभात शर्मा, सुरेश द्विवेदी, निरंकार तिवारी आदि पदाधिकारी शामिल थे।

## समर शेड्यूल में हो सकता है बदलाव, समिति ने की मांग



**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति की मांग पर जल्द ही समर शेड्यूल में बदलाव संभव है। अलायंस एयर द्वारा जारी शेड्यूल में अन्य फ्लाइट की मांग की जा रही है। जिसकों लेकर कंपनी का सकारात्मक रवैया सामने आया है।

समिति लगातार एयरलाइंस के अधिकारियों, राज्य व केंद्र सरकार के अधिकारियों से संपर्क कर रही है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि बिलासा एयरपोर्ट में शुरूआती दिनों से ही दिल्ली के लिए 7 दिन फ्लाइट मिलती रही है। प्रयागराज के लिए 4 दिन उड़ान सुविधा मिल चुकी है। इन दोनों मार्गों पर यात्रियों की संख्या पर्याप्त है और किराया बढ़ने के बावजूद यात्रियों में कमी नहीं आ सकी है। विंटर शेड्यूल में दिल्ली की उड़ानों को घटाकर सप्ताह में 3 दिन और प्रयागराज की उड़ान को घटाकर सप्ताह में 2 दिन कर दिया गया था। इसका विरोध किया गया, एयरलाइन कंपनी ने कहा कि समर शेड्यूल में सुधार किया जाएगा लेकिन हाल ही में जारी किए गए समर शेड्यूल में दिल्ली के लिए सप्ताह में 5 दिन उड़ानें दी गई है।

## एयू में अटल रंग उत्सव, विद्यार्थियों ने खेली होली, लगाए ठुमके



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के यूटीडी परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) विश्वविद्यालय इकाई द्वारा "अटल रंग उत्सव 4.0" का भव्य आयोजन 28 फरवरी को किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रंग, संगीत और नृत्य के साथ उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में अपार उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच आपसी सौहार्द, एकता और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देना रहा। अध्यक्ष सुधांशु यादव ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

आरकेपीएल सीजन-2 की शुरुआत, मिनी स्टेडियम में पहले दिन खेले गए 4 मुकाबले

# इमलीभाठा एलिगेटर्स और मंगला मोनार्क की रोमांचक जीत




**बिलासपुर।** राजपूत क्षत्रिय समाज बिलासपुर परिक्षेत्र अंतर्गत आयोजित राजपूत क्षत्रिय प्रीमियर लीग (आरकेपीएल) सीजन-2 क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत शनिवार को खेल भावना के साथ हुई। गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में खेले गए पहले दिन चार मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले मैच में अमेरी एवेंजर्स ने 10 ओवर में 7 विकेट पर 66 रन बनाए। जवाब में इमलीभाठा एलिगेटर्स ने 6.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 70 रन बनाते हुए जीत दर्ज की। कप्तान निलेश सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में चिंगराजपारा चैलेंजर्स ने 10 ओवर में 81 रन बनाए। वहीं मंगला मोनार्क ने 9.5 ओवर में 86 रन बनाकर जीत हासिल की। मैच में शिवम क्षत्रिय ने 38 रनों की पारी खेलकर प्लेयर ऑफ द मैच ट्रॉफी अपने नाम की। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज तोमर ने बताया कि तीसरे मैच में तिफरा टाइटंस ने 108 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

सिरगिट्टी स्पार्टन्स की टीम 79 रन पर सिमट गई। जीतू को किफायती गेंदबाजी के लिए सम्मानित किया गया। चौथे और अंतिम मुकाबले में उस्लापुर अनस्टॉपेबल ने 10 ओवर में 172 रन बनाकर सीजन का सर्वोच्च स्कोर बनाया। जवाब में मन्नाडोल एसकेबी बुल्स 94 रन पर ऑलआउट हो गई। साहिल ने 33 गेंदों में 88 रन की विस्फोटक पारी खेलते हुए सीजन का पहला अर्धशतक जड़ा और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

## ड्रीमलैंड स्कूल के बच्चों ने विज्ञान दिवस पर बनाए मॉडल, मिला पुरस्कार



**बिलासपुर।** ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ प्रधानाचार्य निवेदिता सरकार एवं वॉइस प्रधानाचार्य तपोषी सरकार ने किया। छात्रा राधिका व कुमकुम , अंकुर दुबे , श्रद्धा सेन ने कविता पाठ किया, रीतू उपाध्याय ने बेटियों को विज्ञान में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल की लोगों ने काफी तारीफ की। विजेताओं का पुरस्कार दिया गया। इसमें शौर्य पवार, प्रियांशु गुप्ता, हिमांशु साहू,विपुल कुमार प्रथम रहा। अनुज श्रीवास द्वितीय, श्रेयांश खंडेलवाल, अनुज लोकेश ठाकुर,फैजान हुसैन द्वितीय, संध्या यादव, कंचन बुनकर किरण साहू, वृद्धि साहू कक्षा सातवीं तृतीय रही। हर्षित यादव, अपूर्व विश्वास, मयंक उपाध्याय, अभिनव तिवारी कक्षा चौथी रिमोट कंट्रोल चलित बल्ब तृतीय स्थान पाया। गीतिका, दिव्यांशी महेश धनिष्ठा (कक्षा चौथी) (नाइट डिस्पेंसर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

एजुकेशन प्लस

## खबर संक्षेप

### मौसम में बदलाव पारा पहुंचा 34.4

**बिलासपुर।** गर्मी की शुरुआत साफ दिखाई देने लगी है। प्रदेश में अगले 7 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी की आशंका व्यक्त की गई है। प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। प्रदेश में अब मौसम साफ तौर पर करवट ले रहा है। ठंड की विदाई और गर्मी की दस्तक महसूस होने लगी है। लोगों के द्वारा कूलर और एसी की पूछ परख बढ़ चुकी है। दोपहर की धूप अब और तीखी लगने वाली है फिलहाल प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम शुष्क है जबकि रात के तापमान में फिलहाल ज्यादा बदलाव नहीं है। धीरे-धीरे पारा चढ़ने लगा है और शनिवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले 7 दिनों में अधिकतम तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है।

### महिला को कार ने मारी टक्कर, तीन घायल

**बिलासपुर।** स्कूल से बच्चों को लेकर घर लौट रही एक्टिवा सवार महिला को कार के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में मां व दोनों बच्चे घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 27 फरवरी को गोकुलधाम घुरू निवासी ललित किशोर जांगड़े की पत्नी रानीका जांगड़े बेटा अनमोल 8 साल अनुग्रह 6 साल को स्कूल की छुट्टी होने पर अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीएस, 3220 में बैठाकर घर लौट रही थी। होण्डई शो रूम के पास कार क्रमांक सीजी 12 बीएल, 1101 के चालक ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। जिससे मां व बच्चे घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पति की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रिवरव्यू में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने रिवरव्यू में चाकू रखकर अशांति फैलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि रिवरव्यू में एक युवक हाथ में चाकू रखकर आने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर करबला रविदास चौक निवसी अरमान खान पिता स्व. फिरोज खान 20 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### अवैध महुआ शराब सहित महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से महुआ शराब बेचने वाली महिला को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। कोनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घुटकू में दबिश देकर स्टेशनपारा निवासी केशर लोनिया पति स्व. सावन लोनिया 32 साल के घर में दबिश देकर जांच की गई। उसके घर से 15 लीटर महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### सात किमी की दूरी डेढ़ घंटे में तय करती है ट्रेन

**बिलासपुर।** दाधापारा से उसलापुर की दूरी सात किलोमीटर की है, जिसे तय करने में अमरकंटक सहित अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों को करीब डेढ़ घंटे से अधिक का समय लग रहा है। इन दोनों स्टेशन के बीच की दूरी तक ट्रेन में सफर करने वाले यात्री प्रतिदिन इस परेशानी से जूझ रहे हैं, लेकिन रेल प्रशासन समय को सुधारने की ओर किसी तरह की कोई पहल नहीं कर रहा है। इस ट्रेन को वर्तमान में इसलिए डायवर्ट किया गया है ।

---

**स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को टॉप रैंकिंग में पहुंचाने का लक्ष्य** | स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर बैनर, होर्डिंग अभियान पर होंगे कार्यक्रम

# शहर को साफ रखने खर्च होंगे 2 करोड़, हर जोन को मिलेगी राशि

**बिलासपुर।** नगर निगम बिलासपुर ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 में शहर को टॉप रैंकिंग तक पहुंचाने के लिए लक्ष्य के साथ तैयारियां तेज कर दीं हैं। सर्वेक्षण को लेकर निगम स्तर पर व्यापक रणनीति बनाई गई है और सभी 8 जोनों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।



स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने, नवाचार अपनाने और बड़े पैमाने पर प्रचार-प्रसार के लिए निगम इस पर करीब दो करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जोन को राशि दी जाएगी। निगम अधिकारियों के अनुसार, यह राशि जोन स्तर पर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई, नालियों की स्वच्छता, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव, कचरा मुक्त बाजार और प्रमुख चौक-चौराहों की साफ-सफाई पर खर्च की जाएगी। इसके साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए आईईसी गतिविधियों जैसे स्वच्छता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर बैनर, होर्डिंग, सोशल मीडिया अभियान और स्कूल-कॉलेजों में कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बताया गया है कि इस वर्ष 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देश के 42 बड़े शहरों के बीच मुकाबला होगा। इस श्रेणी में वाराणसी, लखनऊ, इंदौर जैसे बड़े और अनुभवी शहर भी शामिल हैं। जिससे प्रतिस्पर्धा और कड़ी हो गई है। ऐसे में बिलासपुर नगर निगम स्वच्छता के लिए जोनवार लक्ष्य तय कर रहा है। सर्वे के दौरान फील्ड निरीक्षण, नागरिक फीडबैक, दस्तावेजी मूल्यांकन और ऑनलाइन आंकलन के आधार पर अंक दिए जाएंगे। अधिकारियों ने सभी जोनों को समय-सीमा में सभी कार्य पूरे करने के निर्देश भी दिए हैं। लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### पान-गुटखा के दाग मिले तो अंकों में होगी कटौती

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बिलासपुर को देश भर में दूसरा स्थान मिला था। ऐसे में चुनौती बड़ी है। इससे पहले 2023 में बिलासपुर 28वें स्थान पर था और आशंका इस बात की है कि इस बार रैंकिंग पिछड़ मत जाए। फिलहाल हालत यह है कि कचरा कलेक्शन सभी वार्डो में नहीं हो रहा तो पूरा शहर खास तौर पर वाल पेटिंग और दीवारें बदरंग पड़ी हैं। नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो सकीं हैं तो नए वार्ड जो जुड़े हैं वह अभी भी बदहाली के शिकार हैं। खुले में पेशाब से बनने वाले येलो स्पॉट और दीवारों पर पान-गुटखा से बने रेड स्पॉट अब केवल शिकायत तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इनके आधार पर सीधे अंक कटेंगे और रैंकिंग प्रभावित होगी। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में येलो स्पॉट का आकलन नागरिकों की शिकायतों और स्वच्छता एप पर दर्ज फीडबैक के आधार पर होता था। 2025-26 में यह प्रक्रिया बदल दी गई है। येलो स्पॉट और रेड स्पॉट के लिए अलग-अलग 75 अंक तय किए गए हैं।

### टीम मौके पर जाएगी अंकों पर असर

मूल्यांकन टीम आवासीय, व्यावसायिक और सार्वजनिक इलाकों में खुद जाकर हालात देखेगी। मौके की फोटो और वीडियो लेकर वास्तविक स्थिति दर्ज की जाएगी। जहां भी गंदगी या पीले दाग नजर आएंगे, उसके नंबर कटेंगे। इसी तरह व्यावसायिक क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों, परिवहन केंद्रों, पर्यटन स्थलों और पार्कों में भी टीम जाएंगी। टीमें रिपोर्ट में लिखेंगे कि दीवारें और सार्वजनिक स्थल लाल धब्बों से पूरी तरह मुक्त हैं। फिलहाल शहर में हर तरफ दाग धब्बे दिख रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक अब मूल्यांकन नागरिक शिकायतों के बजाय मौके पर जाकर किए जाने वाले भौतिक निरीक्षण के आधार पर होगा। सर्वेक्षण का स्पष्ट संदेश है कि शहरों की सफाई अब कागज और रिपोर्टिंग से नहीं, बल्कि सड़क, दीवार और सार्वजनिक स्थलों पर दिखाई देगी।

### मानिटरिंग करने के दिए हैं निर्देश

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए शहर पूरी तरह तैयार है। जो कमियां हैं उसे भी दूर कर लिया जाएगा। कोशिश रहेगी की इस बार देश भर में नंबर वन स्थान हासिल किया जा सके। जब तक स्वच्छता को नागरिक अपनी आदत और जिम्मेदारी नहीं बनाएंगे, तब तक शीर्ष स्थान प्राप्त करना संभव नहीं है। वार्ड स्तर पर सौंदर्याकरण कार्यों में तेजी लाने, नागरिक सहभागिता बढ़ाने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**– पूजा विधानी,** महापौर

---

तीन साल पहले हैवन्स पार्क के सामने युवक पर किया गया था जानलेवा हमला

# हिस्ट्रीशीटर मैडी सहित 13 आरोपियों को 7 साल कैद





आरोपियों को जेल ले जाती पुलिस।



जेल दाखिल करते समय समर्थकों ने की पुलिस के साथ हुज्जतबाजी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला न्यायालय ने तीन साल पहले होटल हैवन्स पार्क के सामने एक युवक के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला करने के मामले में हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मैडी सहित 13 आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई है।

7 मई 2023 को चकरभाठा निवासी भास्कर वर्मा टेलीफोन एक्सचेज रोड स्थित हेवन्स पार्क के बार गए थे। रात 2 बजे उनका दोस्त नवीन गोस्वामी उन्हें लेने के लिए बाहर आया, फोन करने पर भास्कर वर्मा बार से बाहर निककर डिवाइडर के सड़क के दूसरी ओर गए। यहां पहले से घात लगाए बैठे जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मैडी एवं उसके साथियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, आरोपियों ने उन्हें दौड़ाकर मारपीट करते हुए साइकिल चैन स्पाकेट जैसे हथियार से मारा। खूनी संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हुआ था। फुटेज के आधार पर तत्कालीन तारबाहर टीआई मनोज नायक ने स्टाफ के साथ मुंगेली में दबिश देकर रितेश निखारे उर्फ मैडी सहित 13 आरोपियों को गिरफ्तार हथियार जब्त कर लिया था, पुलिस ने जांच के बाद मामले का चालान कोर्ट में पेश किया। 28 फरवरी 2026 को विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी लवकेश प्रताप सिंह बघेल ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोप सिद्ध होने पर 13 आरोपियों को धारा 148 में 2 साल कैद, 500 रुपए जुर्माना, धारा 147 में 1 साल कैद, 500 रुपए जुर्माना, धारा 120 बी में 1 साल कैद, 500 रुपए जुर्माना, 506 बी में 2 साल कैद 500 रुपए जुर्माना, धारा 307 में 7 साल कैद, 2000 रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता धन सिंग ने पैरवी की।

### इन आरोपियों को मिली सजा

- रितेश निखारे उर्फ मैडी पिता रवि निखारे 35 साल ओमनगर जरहाभाठा
- सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू पिता राकेश शर्मा 27 सा पोस्टआफिस गली राजेन्द्रनगर
- फरीद अहमद उर्फ सोनू खान पिता अब्दुल नजीर 30 साल मंझवापारा
- आयुष मराठा उर्फ बाबू पिता जितेन्द्र राव गायकवाड़ 20 साल चांदनी चौक कूदूदण्ड
- एम वरूण पिता एम सोमेश्वर 26 साल कंस्ट्रक्शन कालोनी तारबाहर
- निकेत शर्मा उर्फ प्रिंस पिता ध्रुव कुमार शर्मा 33 साल कंस्ट्रक्शन कालोनी तारबाहर
- काव्य गढ़ेवाल पिता उमेश गढ़ेवाल 21 साल छोटी कोनी
- रूपेश दुबे पिता मनहरण लाल दुबे 37 साल ओमनगर जरहाभाठा
- आदित्य प्रकाश दुबे पिता अनिल कुमार दुबे 26 साल चंद्रा चौक हेमूनगर
- सोनू माली उर्फ आशीष पिता संतू माली 34 साल जबड़ापारा गली नम्बर 2
- मोहम्मद साबिर उर्फ रानू पिता अब्दुल खालिक 35 साल तालापारा तैयबा चौक
- विकास वैष्णव उर्फ बाबा राजू पिता स्व. भागवत प्रसाद वैष्णव 40 साल जबड़ापारा गली नम्बर 2
- विराज सिंह ध्रुव उर्फ गोलू विदेशी पिता स्व. परदेशी ध्रुव 32 साल कुम्हारपारा राजीव गांधी चौक

### समर्थकों का लगा रहा जमावड़ा

मैडी एवं उसके साथियों को कोर्ट से सजा होने पर बड़ी संख्या में उसके समर्थक मिलने के लिए जिला न्यायालय पहुंच गए। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू बल के साथ आरोपियों को मुलाहिजा कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर गए, वहां भी बड़ी संख्या में समर्थक पहुंच गए। केन्द्रीय जेल ले जाने पर बड़ी संख्या में समर्थक जेल के बाहर में खड़े हुए थे। काफी मशक्कत के बाद आरोपियों को जेल दाखिल कराया गया है।

---

जैम पोर्टल का मामला

# यूनिवर्सिटी व उच्च शिक्षा विभाग आमने-सामने

**बिलासपुर।** जैम पोर्टल माध्यम से खरीदी में गड़बड़ी मामले में कार्रवाई को लेकर अटल यूनिवर्सिटी और राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग आमने-सामने आ गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने इस मामले में तत्कालिन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे को निलंबित करने का आदेश जारी किया है और क्रय समिति के सदस्यों को नोटिस जारी कर एक-एक वेतन वृद्धि रोके जाने कहा है। इस मामले को लेकर अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी की अध्यक्षता में कार्यपरिषद की आपात बैठक बुलाई गई थी।

■ आपात कार्यपरिषद की बैठक में उठी उच्च शिक्षा विभाग को कार्रवाई का अधिकार नहीं होने की बात

अटल यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की आपात बैठक में सदस्यों को जैम पोर्टल मामले में शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से अवगत कराया गया। खबर है कि बैठक में कुलपति द्वारा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई को एकपक्षीय करार दिया गया और इस विषय में उच्च शिक्षा मंत्री से मिलने की बात कही गई। यूनिवर्सिटी द्वारा सभी कार्यो को नियमानुसार किए जाने की बात कही गई। यह भी बात उठी की यूनिवर्सिटी के शिक्षकों व अधिकारियों-कर्मचारियों की नियोक्ता यूनिवर्सिटी की कार्य परिषद होने के कारण उच्च शिक्षा विभाग को कार्रवाई का अधिकार नहीं है और इस संबंध में यूनिवर्सिटी की अधिनियम 1973 एवं 1983 का हवाला दिया गया। यह भी बात हुई कि निलंबित किए गए तत्कालिन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे लंबे समय मेडिकल अवकाश पर चल रहे हैं और उनके निलंबन पूर्व अनियमितता संबंध में चार्जशीट भी नहीं दिया गया। इसी तरह यूनिवर्सिटी के क्रय समिति सदस्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक-एक वेतनवृद्धि रोके जाने की कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है। इस पर चर्चा के बाद कार्य परिषद में यह निर्णय लिया गया कि इस पूरे कार्रवाई को लेकर शासन के उच्च शिक्षा विभाग को एक सुझाव पत्र भेजा जाए।

### तत्कालीन रजिस्ट्रार किए गए हैं निलंबित

राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अटल यूनिवर्सिटी के तत्कालिन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे को निलंबित किया गया है और निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर संभाग निर्धारित किया गया है। निलंबन आदेश में तत्कालिन रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे के खिलाफ विभागीय जांच की प्रक्रिया पृथक से किए जाने की बात कही गई। इसी तरह मामले में छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 संशोधित 2025 के संगत नियमों का पालन नहीं किए जाने तथा उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत बताया गया है। वहीं जैम पोर्टल माध्यम से सामग्री खरीदी टेंडर में अनियमितता मामले में उच्च शिक्षा विभाग ने अटल यूनिवर्सिटी के क्रय समिति के सदस्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है और सभी सदस्यों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने की बात कही गई है। क्रय समिति के सदस्यों को यूनिवर्सिटी के तत्कालिन रजिस्ट्रार के निलंबन के बाद नोटिस जारी किया गया है।

### भेजा जाएगा सुझाव पत्र

यूनिवर्सिटी में आज कार्य परिषद की बैठक हुई है। इसमें जैम पोर्टल मामले में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जो कार्रवाई की गई है उससे कार्य परिषद को अवगत कराया गया है। यूनिवर्सिटी अधिनियम के तहत नियोक्ता कार्य परिषद होता है यह भी बैठक में बात हुई है। इसलिए यूनिवर्सिटी की ओर से इस विषय में सुझाव पत्र उच्च शिक्षा विभाग को भेजे जाने का निर्णय हुआ है।

-डॉ. तारणीश गौतम
रजिस्ट्रार, एयू


**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह फरवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर


---

# सूदखोर की वसूली करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवेकर्मी को ब्याज सहित कर्ज की राशि लौटाने के बाद पैसा के लिए डरा धमका कर प्रताड़ित करने वाले सूदखोर के लिए वसूली करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

तोरवा पुलिस के अनुसार, बाबू लाइन रेलवे कालोनी निवासी गजाधर सिंह पिता नारायण सिंह 49 साल वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी रेलवे कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने लोको पायलेट कैलाश सिंह के माध्यम से उसके भाई दिनेश सिंह से 50 हजार रुपए ब्याज में कर्ज लिया था। जिसका ब्याज वे हर माह दे रहे थे। कभी कभी वे ब्याज की रकम नहीं दे पाते थे तो सूदखोर कैलाश सिंह हेमंत करवा को वसूली के लिए भेजता था। उसके बाद हेमंत करवा आए दिन उन्हें परेशान करने लगा। उसके डर से उन्होंने 50 हजार रुपए ब्याज सहित लौटा दिया। उसके बाद भी कैलाश सिंह ने उन्हें डराने धमकाने के लिए हेमंत करवा को भेजने लगा। पुलिस ने गजाधर सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 308, 5, 308, 6 के तहत आरोपी वसूलीबाज बदमाश हेमंत करवा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पत्नी के नाम पर लिया बाइक

पीड़ित रेलवेकर्मी ने आरोप लगाया है कि आरोपी हेमंत करवा डरा धमका कर उनसे डाउनमेंट कराकर अपनी पत्नी राधिका के नाम पर पल्सर फायनेंस करवाया और हर माह किश्त पटाने के लिए डरा धमका रहा था। इसके अलावा वह अपने दोस्त शनि वर्मा के नाम पर बुलेट भी खरीदवा लिया है। आगामी भुगतान के लिए उनके स्वहस्ताक्षरित चेक जबरदस्ती दिलवाया गया है। किश्त पटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। आलम यह है कि उन्होंने उसको पैसा देने के लिए अपनी एक्टिवा दूसरे के पास गिरवी रख दिया है, जिसे वे छुड़ा नहीं पा रहे हैं।

### सूदखोर के खिलाफ जुर्म दर्ज नहीं

मजेदार बात यह है कि लोको पायलेट के भाई दिनेश सिंह ने पीड़ित रेलवेकर्मी को ब्याज सहित 50 हजार रुपए दिया था। उसके ही कहने पर हेमंत करवा उनके पास वसूली करने जाता था और डराता थमकाता था। उसके बाद भी सूदखोर के खिलाफ जुर्म दर्ज नहीं किया गया है।

### पीड़ित ने लिखाई रिपोर्ट

पीड़ित रेलवेकर्मी ने सूदखोर के लिए वसूली करने जाने वाले हेमंत करवा के खिलाफ डराने धमकाने की रिपोर्ट लिखाई। उसके आधार पर अपराध कायम किया गया। जांच के बाद तथ्य के आधार पर सूदखोर सहित अन्य के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**-अभय सिंह बैस,** तोरवा टीआई

# प्रेमिका ने प्रेमी के घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शादी करने से मना करने पर प्रेमिका ने प्रेमी के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद मृतका के परिजन व ग्रामीणों ने प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने प्रेमी युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

मल्हार पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की मल्हार में फ्रेबिकेशन की दुकान चलाने वाले धनगंवा निवासी राजू लहरिया पिता चंदन लहरिया से दो साल पहले प्रेम संबंध हो गया था। शादी करने का आश्वासन देकर राजू युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। 24 फरवरी को युवती प्रेमी के घर चली गई। 25 फरवरी को युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो राजू लहरिया ने शादी नहीं करने की बात कहते हुए उसे घर से निकल गया। देर रात उसने अपने प्रेमी के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 26 फरवरी की सुबह जानकारी होने पर परिजन व ग्रामीणों ने गांव में जाकर प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा मचाया। पुलिस के द्वारा कार्रवाई की आश्वासन दिया गया। उसके बाद ग्रामीण शांत हुए। पुलिस ने परिजन की रिपोर्ट पर राजू लहरिया के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

# जेसीबी ने ट्रक को मारी टक्कर, चालक घायल





**बिलासपुर।** जेसीबी के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया और गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है।

हिर्री पुलिस के अनुसार, रतनपुर की ओर से एक ट्रक रायपुर की ओर नेशनल हाइवे में जा रहा था। बोडसरा के पास जेसीबी के चालक ने ट्रक को टक्कर मार दी। इससे जेसीबी अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं ट्रक क्षतिगस्त हो गया और चालक को चोट आई है। सूचना पर हिर्री थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंची और घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और दोनों दुर्घटनाग्रस्त दोनों गाड़ियों को सड़क किनारे कराया गया। टीआई रविशंकर तिवारी ने कहा हादसे की रिपोर्ट लिखाने थाने में कोई नहीं आया है।


हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152




